




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 16 अंक - 111 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 03 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# प्रयागराज महाकुंभ में वसंत पंचमी पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब



**वसंत पंचमी पर स्नान-दान के लिए कई शुभ योग बनें, जो अपने आप में दुर्लभ हैं। रवि योग तीन फरवरी की रात 12 :52 से सुबह 07: 08 बजे तक रहा। इसके साथ ब्रह्म मुहूर्त सुबह 05:24 से 06:16 बजे तक और अमृत काल रात 8:24 से 9:53 बजे तक रहा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 :13 बजे से 12 :57 बजे तक रहा। इन शुभयोग में श्रद्धालुओं ने पुण्य स्नान का लाभ लिया।**

**प्रयागराज ए.।** वसंत पंचमी के अमृत स्नान पर त्रिवेणी संगम में आस्था का जनसैलाब उमड़ा है। महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान पर नागा संन्यासियों के साथ देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालु भी साक्षी बने। हर-हर गंगे, बम बम भोले और जय श्री राम के गगनभेदी उद्घोष से महाकुंभ क्षेत्र गूंज उठा है। महाकुंभ के तीसरे और आखिरी अमृत स्नान पर्व पर अखाड़ों ने संगम में डुबकी लगाई। भोर में साढ़े चार बजे सबसे पहले महानिर्वाणी के संतों ने त्रिवेणी में स्नान किया। इसके बाद पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी और फिर श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े ने अमृत स्नान किया। जूना अखाड़े में नागाओं की भारी फौज रही। जूना अखाड़े में किन्नर अखाड़ा भी शामिल रहा।

त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर रहे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। आज सुबह 8 बजे तक 62.25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। 2 फरवरी तक 34.97 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ 2025 का अंतिम अमृत स्नान आज वसंत पंचमी के अवसर पर हुआ।

### वसंत की डुबकी के लिए चहुंओर आस्था, उत्साह और उल्लास

संगम नोज पर श्रद्धालुओं की भीड़ है। महाकुंभ के तीसरे और अंतिम अमृत स्नान पर्व वसंत पंचमी पर संगम में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए लोगों का रेला उमड़ा है। चाहे लाल मार्ग हो या काली मार्ग या फिर त्रिवेणी मार्ग। हर तरफसे भक्ति का सागर संगम में मिलने के लिए उमड़ रहा है। मौनी अमावस्या स्नान पर्व हादसे से सबक लेते हुए इस बार अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के लिए सेफ कॉरिडोर बनाया गया है, ताकि शाही सवारियां निकलने के दौरान उस रास्ते पर कोई आम श्रद्धालु प्रवेश न कर सकें।

### तड़के 3 बजे से वॉर रूम में डटे सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वसंत पंचमी के पावन अवसर पर अमृत स्नान की व्यवस्था की निगरानी के लिए साढ़े तीन बजे से अपने सरकारी आवास स्थित वॉर रूम में बैठक की। उन्होंने डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों के साथ लगातार अपडेट प्राप्त किए और आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो।



### विदेशी पर्यटकों ने भी वसंत पंचमी पर लगाई डुबकी

विदेशी श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में वसंत पंचमी के अवसर पर अमृत स्नान किया और भारतीय संस्कृति में पूरी तरह रम गए। उन्होंने न केवल पवित्र डुबकी लगाई बल्कि अन्य तीर्थयात्रियों का भी गर्मजोशी से स्वागत किया। इटली, क्रोएशिया और ऑस्ट्रिया से आए श्रद्धालुओं ने महाकुंभ के अनुभव को अद्वितीय, अविस्मरणीय और जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर बताया।

### नगरीय निकाय चुनाव 2025: बिना वोटिंग के जीत रही भाजपा

# प्रदेश भर में अब तक 33 पार्षद निर्विरोध जीते बसना नगर पंचायत से अध्यक्ष भी निर्विरोध

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा के बाद भाजपा लगातार जश्न मना रही है। बिना वोटिंग के ही भाजपा प्रत्याशियों को जीत मिल रही है। प्रदेश भर में अब तक भाजपा के 33 पार्षद प्रत्याशी निर्विरोध चुनाव जीत गए हैं। वहीं महासमुंद जिले के बसना नगर पंचायत का अध्यक्ष पद भी भाजपा की झोली में बिना वोटिंग के ही आ गया। जबकि अभी वोटिंग में 7 दिनों का समय बचा हुआ है। 11 फरवरी को वोटिंग होनी है और इसके परिणाम 15 फरवरी को जारी होंगे।**



नगर पालिक निगम बिलासपुर वार्ड क्रमांक 13 से रमेश पटेल, नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 18 से नरेन्द्र कुमार देवांगन, नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड क्रमांक 21 से विद्यावती सिंह, रायगढ़ जिला के नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 18 से पूनम दिबेश सोलंकी और वार्ड क्रमांक 45 से नारायण पटेल पार्षद पद हेतु नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

मुंगेली जिले के नगर पालिक परिषद लोरमी के वार्ड क्रमांक 10 से धारनी पुरूषोत्तम राठौर, वार्ड क्रमांक 17 से भीखम शिवशंकर यादव, कोरबा जिला के नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड क्रमांक 8 से आलोक परेडा, नगर पालिका परिषद कटघोरा वार्ड क्रमांक 13 शिवमती पटेल (नीतू), महासमुंद जिले के नगरपालिका परिषद सरायपाली के वार्ड क्रमांक 5 से रोहित प्रधान एवं वार्ड क्रमांक 13 से गंगाराम पटेल पार्षद पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

### डॉ. खूशबू अभिषेक अग्रवाल बसना पंचायत की अध्यक्ष

नगर पंचायत बसना से अध्यक्ष पद हेतु डॉ. खूशबू अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत बसना के वार्ड क्रमांक 4 से आशीष साहू (तिरथो होटल), वार्ड क्रमांक 11 से महेन्दर सिंह (पिन्टू), वार्ड क्रमांक 13 से राकेश डड़सेना पार्षद पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

### इन नगर पंचायतों में भी जीते भाजपा प्रत्याशी

मुंगेली जिले के नगर पंचायत पथरिया के वार्ड क्रमांक 5 से मनोज कुमार पाण्डे और वार्ड क्रमांक 7 से मेला राम जायसवाल, सक्ती जिला के नगर पंचायत नया बाराद्वार के वार्ड क्रमांक 7 से जितेश शर्मा (अन्नपूर्णा), नगर पंचायत डभरा के वार्ड क्रमांक 7 से राधा देवी टंडन एवं वार्ड 15 से जयशंकर पटेल, सारगढ़-बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत बिलाईगढ़ के वार्ड क्रमांक 2 से घनश्याम कहार, वार्ड क्रमांक 3 से मुकेश जायसवाल उर्फ लालू, वार्ड क्रमांक 8 से सौभाग्य शरण सिंह पार्षद पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

### सूरजपुर, सरगुजा व बालोद से लेकर बस्तर-दंतेवाड़ा में भी जीत

सूरजपुर जिले के नगर पंचायत प्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 7 से सीता पैकरा, सरगुजा जिले के नगर पंचायत सीतापुर के वार्ड 14 से विवेक कुमार नामदेव, जशपुर जिले के नगर पंचायत बगीचा के वार्ड क्रमांक एक से रामनिवास गुप्ता, रायपुर जिले के नगर पंचायत समोदा के वार्ड क्रमांक 15 से सत्येन्द्र चेलक एवं गरियाबंद जिले के नगर पंचायत फिंगेश्वर के वार्ड 6 से दीपक श्रीवास पार्षद पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसी प्रकार बालोद जिले के नगर पंचायत डौण्डी के वार्ड क्रमांक 8 से माधुरी रावटे, वार्ड क्रमांक 9 से राजेन्द्र कुमार मानकर और नगर पंचायत चिखलाकसा के वार्ड क्रमांक 4 से राजू रावटे एवं दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के नगर पंचायत बारसूर के वार्ड क्रमांक एक से गीता बघेल पार्षद पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। नगर पालिका उप निर्वाचन 2025 के लिए नगरपालिक निगम भिलाई के वार्ड 35 से चंदन यादव और नगर पंचायत कोटा के वार्ड 13 से पी. विजय कुमार परिमि पार्षद पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

# पावर हाउस के मोबाइल दुकान से 70 मोबाइल और एसेसरीज पार, जर्दा दुकान में भी चोरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छावनी थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के मोबाइल व जर्दा दुकान में लाखों की चोरी हो गई। मोबाइल दुकान में 70 मोबाइल व एसेसरीज व जर्दा दुकान से कैश व गुटका पार हो गया। सुबह जानकारी मिलने के बाद दुकान संचालक पहुंचा। इस मामले में छावनी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार चोरी की यह घटना शीतला कॉम्प्लेक्स स्थित बागेश्वर मोबाइल व रेवापुरी जर्दा सेंटर में चोरी की घटना हुई। बागेश्वर मोबाइल दुकान संचालक शिवम गुप्ता ने बताया कि रविवार की रात को दुकान बंद करने के बाद घर चले गए। सुबह दुकान में चाय देने वाली महिला ने उनके स्टाफ पिंकी साहू को दुकान के शटर का ताला टूटे होने की जानकारी मिली। इसके बाद उसने उन्हें बताया। शिवम गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर देखा कि दुकान का शटर उठा हुआ है।




### सीसी टीवी फुटेज में दिखे चार संदिग्ध

शिवम गुप्ता ने बताया कि सामने दुकान की सीसी टीवी कैमरे देखने पर चार संदिग्ध दिखाई दिए। चारों में से दो दुकान के अंदर घुसे और दो बाहर ही रुके। दुकान से लगभग 70 मोबाइल चोरी हुए हैं जिनकी कीमत लाखों में है। घटना की सूचना के बाद छावनी पुलिस मौके पर पहुंची। शीतला कॉम्प्लेक्स के पीछे खाली जगह पर मोबाइल के खाली डिब्बे पड़े मिले। सभी डब्बों से मोबाइल फोन गायब था। वहां कुछ मोबाइल एसेसरीज भी पड़ी थी। पुलिस सभी डब्बों को जब्ती बनाकर थाने लाई।

### जर्दा दुकान में भी चोरी

मोबाइल दुकान में चोरी के बाद चारों संदिग्ध यहां के एक जर्दा दुकान में भी चोरी करने बाद बदमाशों जर्दा दुकान में भी सेंधमारी की। यहां के रेवापुरी जर्दा दुकान में चोरों ने 5 हजार रुपए कैश व गुटखा सिगरेट पार किया। इन दोनों मामलों की शिकायत दर्ज कराई गई है। छावनी पुलिस का कहना है मोबाइल दुकान में चोरी गए मोबाइल की आईएमआई नंबर नोट किया जा रहा है। सीसी टीवी फुटेज में एक लड़के की बिना मुंह ढकी तस्वीर सामने आई है। फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल समाप्त, छत्तीसगढ़ को मिलेगा नया चीफ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक जुनेजा का कार्यकाल आज यानि 3 फरवरी 2025 को समाप्त हो रहा है। उन्हें पहले दो बार सेवा विस्तार मिल चुका है, लेकिन इस बार अब तक कोई नया आदेश जारी नहीं हुआ है। यदि उन्हें और एक्सटेंशन नहीं मिलता है, तो आईपीएस अधिकारी अरुण देव गौतम को कार्यवाहक डीजीपी का प्रभार दिया जा सकता है।

राज्य सरकार ने नए डीजीपी की नियुक्ति के लिए तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों पवन देव, अरुण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता के नामों का पैनल संघ लोक सेवा आयोग को भेजा है। इनमें से अरुण देव गौतम को सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। अरुण देव गौतम 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उन्हें अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र पदक और राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने बस्तर क्षेत्र के आईजी के रूप में भी कार्य किया है और वहां अपनी प्रशासनिक क्षमताओं का बेहतरीन प्रदर्शन किया है।



# छत्तीसगढ़ के 74 पटवारियों पर बड़ी कार्रवाई

### खसरे की गलत एंट्री पर शोकाज नोटिस

**बिलासपुर ए.।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान खसरों की गलत एंट्री करने वाले 74 पटवारियों को नोटिस जारी किया गया है। इन सभी पटवारियों पर आरोप है कि सात फीसदी खसरे का गलत रकबे में एंट्री कर दी गई है। यह गड़बड़ी तब सामने आई जब भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन के लिए जिले को तहसील स्तर पर 13608 खसरे दिए गए थे। इन खसरों का मौके पर जाकर सत्यापन करना था और रिपोर्ट पेश करनी थी।

भौतिक सत्यापन के दौरान इस बात की जानकारी मिली कि कुल 93.33 फीसदी खसरे में धान की फसल ली गई थी। 6.67 फीसदी खसरे पर धान की फसल नहीं पाई गई। मतलब ये कि पटवारियों ने इन खसरों में धान की फसल लेने की गलत जानकारी एंट्री कर दी थी। भौतिक सत्यापन के बाद इसमें जरुरी सुधार किया गया। सुधार के साथ ही मौके पर एंट्री करने के बजाय घर बैठे एंट्री करने वाले 74 पटवारियों को नोटिस जारी कर जवाब देने निर्देश दिया गया है।

कोचियों और व्यापारियों पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर विकासखंड स्तर पर राजस्व, खाद्य व मंडी विभाग का जांच दल बनाया गया था। कोचिए व व्यापारियों के खिलाफ कर 1 करोड़ रुपए का 2906 क्विंटल धान जब्त किया गया। इसके अलावा तय से अधिक धान बेचने के लिए टोकन कटवाने वाले 53741 किसानों से 3027.41 हेक्टेयर रकबा सरेंडर कराया गया है।

# कर्नाटक के इस गांव में आकार ले रहा नया तीर्थ

श्रीकंचनपथ




कहते हैं क्ष जो होता है अच्छे के लिए होता है। वैसे भी घटनाओं पर इंसान का कोई खास नियंत्रण नहीं होता। भागवत में श्रीकृष्ण ने कहा है कि जो हुआ है वह भी उनकी इच्छा से हुआ है और जो हो रहा है वह भी उनकी इच्छा से ही हो रहा है। आगे भी जो कुछ होगा उनकी ही इच्छा से होगा। साधारण मनुष्य केवल प्रयास कर सकता है। इसलिए जो नहीं हुआ उसके लिए शोक नहीं करना चाहिए। हो सकता है कि जो नहीं हुआ, उसीसे एक रास्ता निकलता हो जो उससे कहीं ज्यादा कल्याणकारी हो। अयोध्या में जब श्रीरामलला का भव्य मंदिर बना तो पूरी दुनिया ने खुशियां मनाई। मंदिर के एक साल पूर्ण होने पर भी वहां करोड़ों श्रद्धालु पहुंचे। इसके साथ ही कर्नाटक के एक छोटे से गांव हरोहल्ली में नया इतिहास लिखने का श्रीगणेश भी हो गया। हरोहल्ली मैसूरु से 22 किलोमीटर दूर एक छोटा सा गांव है। यहां मेन रोड से करीब 500 मीटर अंदर एक खास जमीन है। इसी जमीन के गर्भ ने उस शिला को जन्म दिया जिससे अयोध्या मंदिर के लिए श्रीराम के विग्रह का निर्माण किया गया। आज भी वहां उसी कृष्णशिला के खंड बिखरे हुए हैं जिससे रामलला की प्रतिमा के लिए शिला निकाली गई थी। 22 जनवरी को मैसूरु के शाही परिवार के राजपुरोहित प्रह्लाद राव ने यहां पर भूमि पूजन कराया। यह जमीन स्थानीय किसान रामदास की है। रामदास ने अपनी ढाई एकड़ पैतृक जमीन में से करीब 4500 वर्गफीट का टुकड़ा मंदिर के लिए दान कर दिया है। दरअसल, रामलला के लिए शिला निकालने वाले श्रीनिवास नटराज को आज तक अपनी मजदूरी नहीं मिली है। उनकी इच्छा थी कि वे भी अयोध्या जाकर प्रभू मूरत के दर्शन करे। तत्कालीन सांसद ने उसे अयोध्या ले जाने और प्रधानमंत्री से मिलवाने का वायदा भी किया था। पर ऐसा कुछ हुआ नहीं। इसलिए वे नाराज और दुखी हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में मैसूरु के सांसद चुनाव हार गए। नाराज रामदास और श्रीनिवास ने खुद ही मंदिर बनाने की पहल की। विधायक जी टी देवेगौड़ा ने 10 हजार रुपए का प्रारंभिक सहयोग किया। अयोध्या में रामलला की मूर्ति बनाने वाले मूर्तिकार अरुण योगीराज ने इस मंदिर के लिए भी प्रतिमा बनाने की इच्छा जताई है। यदि श्रीनिवास को सांसद अयोध्या ले गए होते, उनकी पीएम से मुलाकात हो गई होती, थोड़ी बहुत पूछपरख हो जाती तो हरोहल्ली गांव को लोग भूल जाते। वह नहीं हुआ, इसलिए यह हो रहा है। अयोध्या के साथ अब दक्षिण के इस गांव का भी नाम भी जुड़ जाएगा और इतिहास में दर्ज हो जाएगा। हो सकता है यह भी एक तीर्थ स्थल बन जाए। हरोहल्ली का अयोध्या से यह जुड़ाव आगरा वाले ताजमहल के किस्सों से बेहतर होगा। ताजमहल से मिलती जुलती कई इमारतें देश के विभिन्न स्थानों पर है पर इनका ताजमहल से कोई सीधा संबंध नहीं है।




## संपादकीय

# दुनिया के सामने जलवायु का संकट

जलवायु का संकट है पर इसे अक्सर वैश्विक जलवायुविदों द्वारा अतिरंजित तरीके से प्रस्तुत किया जाता है। वास्तव में, इस समूह की स्थिति भेड़िया आया, भेड़िया आया कहानी के उस मुख्य पात्र चरवाहे जैसी हो गई है, जिसका अंत में हश्र क्या हुआ था, उसके बारे में सुधी पाठक अवश्य जानते होंगे। जैसे ही कोपरनिकस रिपोर्ट सामने आई, एकाएक स्वयंभू जलवायुविदों ने ग्लोबल वार्मिंग' को नियंत्रित करने हेतु तुरंत कदम उठाने पर जोर देना शुरू कर दिया।

> **अमेरिका का 47वां राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने जिन दर्जनों कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए, उसमें से एक पेरिस जलवायु समझौते' से अमेरिका को बाहर करना भी रहा। वर्ष 2015 में 190 से अधिक देशों के बीच हुई इस स्वैच्छिक संधि से अमेरिका दूसरी बार बाहर हुआ है, जिसमें ग्लोबल वार्मिंग' को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे बनाए रखने का प्रस्ताव पारित किया गया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह फैसला उस समय लिया, जब 11 जनवरी को यूरोपीय संस्था कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा' (सीथ्रीएस) ने कहा था कि वर्ष 2024 में वैश्विक औसत तापमान सुरक्षित मानक (डेढ़ डिग्री) से अधिक 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।**

वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्ष 1850 में तापमान दर्ज शुरु होने के बाद 2024 सबसे गर्म साल रहा। क्या यह संकट प्राकृतिक है या फिर मानव जनित'? यह ठीक है कि दुनिया के सामने जलवायु का संकट है और विश्व को नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने की जरुरत है। परंतु इसे अक्सर वैश्विक जलवायुविदों द्वारा अतिरंजित तरीके से प्रस्तुत किया जाता है। वास्तव में, इस समूह की स्थिति भेड़िया आया, भेड़िया आया' कहानी के उस मुख्य पात्र चरवाहे जैसी हो गई है, जिसका अंत में हश्र क्या हुआ था, उसके बारे में सुधी पाठक अवश्य जानते होंगे। जैसे ही कोपरनिकस रिपोर्ट सामने आई, एकाएक स्वयंभू जलवायुविदों ने ग्लोबल वार्मिंग' को नियंत्रित करने हेतु तुरंत कदम उठाने पर जोर देना शुरू कर दिया।

ये वही कुनबा है, जिसने नैरेटिव बनाया था कि दुनिया का औसत तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस से ऊपर होने पर समुद्र का स्तर बढ़ जाएगा, हिमनद-अंटार्कटिका पिघल जाएंगे, नदियों सूख जाएंगी और बेतहाशा गर्मी पड़ेगी। परंतु विश्वभर में कुछ प्राकृतिक आपदाओं को छोड़कर ऐसा नहीं हुआ। दुनिया से हजारों वर्ष पहले डायनासोर और कई प्रकार जीवाश्म विलुप्त हो चुके है। यहां तक वर्तमान हिमालय पर्वत भी भारतीय और यूरेशियाई प्लेटों के टकराव से बना है। भारत में प्राचीन सरस्वती नदी भी सूख चुकी है। ऐसे ढेरों उदाहरण है। क्या इन सबके लिए भी मानव सभ्यता को ही दोषी ठहराया जाएगा? कोपरनिकस संस्था की हालिया घोषणा को स्वघोषित पर्यावरणविदों ने अमेरिका स्थित लॉस एंजिलिस के जंगलों में लगी भीषण आग से भी जोडने का प्रयास किया था।

सच तो यह है कि बढ़ती आबादी के कारण लोगों का तूफान, बाढ़ और भूकंप प्रभावित आपदा क्षेत्रों में बसने के कारण इस तरह की घटनाएं सामने आती है। डेनमार्क सरकार के पर्यावरण मूल्यांकन संस्थान के पूर्व निदेशक और द स्केप्टिकल एनवायरमेंटलिस्ट' के लेखक ब्योर्न लोम्बोर्ग का कहना है कि मीडिया अधिक से अधिक दर्शकों को आकर्षित करने के लिए प्राकृतिक आपदाओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करती हैं। लोम्बोर्ग के पास सैटेलाइट डेटा है, जो दिखाता है कि अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में आग की घटनाओं के बावजूद 2000-23 के बीच जंगल की आग से नष्ट हुए वैश्विक क्षेत्र का प्रतिशत लगातार कम हुआ है। वर्ष 2000-03 और 2016-19 के बीच गर्म हवाओं से एक लाख 16 हजार लोगों की अतिरिक्त मौतें हुई थी, जबकि शीतलहर से होने वाली मौतें बहुत तेजी से गिरावट आई है।

ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि सर्दियों का असर कम हो रहा है। एक आंकड़े के अनुसार, वर्ष 1980 से अबतक जलवायु संबंधित मौतें आधी हो चुकी हैं। विलियम नॉर्डहॉस ने वर्ष 2018 में जलवायु परिवर्तन पर अपने शोध के लिए नोबेल पुरस्कार जीता था। अपनी रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि 3 डिग्री तापमान बढ़ने से वैश्विक आर्थिकी लगभग दो प्रतिशत का नुकसान होगा और इसी तरह छह डिग्री वृद्धि से दुनिया की अर्थव्यवस्था में 8.5 प्रतिशत घट जाएगी। नॉर्डहॉस के इसी शोधपत्र को आधार बनाते हुए लोम्बोर्ग इस निष्कर्ष पर पहुंचे है कि वर्ष 2100 तक जलवायु परिवर्तन के बिना दुनिया 4.5 गुना, तो इसके असर के साथ 4.3 गुना प्रगति करेगी।

क्या यह सच नहीं है कि लगातार तापमान बढने के बावजूद दुनिया पहले से अधिक अच्छी स्थिति में है और लोगों का जीवनस्तर सुधर रहा है? विश्व बैंक का अनुमान है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में वर्ष 2024 में ढाई फीसदी से अधिक का इजाफा हुआ है, जो इस वर्ष 2.7 प्रतिशत रह सकता है। इस दौरान महंगाई दर 3.5 प्रतिशत से घटकर 2.9 प्रतिशत हो सकती है। औसत जीवन प्रत्याशा बढ़ रही है। वैश्विक अनाज भंडार भरे हुए हैं। भारत चावल निर्यात से सभी प्रतिबंध हटा चुका हैं, क्योंकि इसके उत्पादन में भारी वृद्धि हुई है। निसंदेह, वैश्विक महामारी कोविड-19 के बाद आर्थिक वृद्धि धीमी हुई है। परंतु इसका मुख्य कारण जलवायु नहीं, बल्कि अमेरिका-पश्चिम प्रेरित आर्थिक मॉडल और कई देशों का कर्ज के मकडज़ाल में फंसना हैं।

सच तो यह है कि प्रकृति के अपने नियम होते है। समय बीतने के साथ इसमें स्वाभाविक बदलाव आता है। इन परिवर्तनों के कारण ही नए का जन्म होता है और पुराना नष्ट हो जाता है। वर्तमान समय में जलवायु संकट पर अतिरंजित कोलाहल का एक बड़ा उद्देश्य दुनिया में भारत जैसे विकासशील देशों की विकास यात्रा को कुंद करना भी है। परंतु इसका अर्थ यह बिल्कुल भी नहीं है कि हम जलवायु संकटों की अवहेलना कर दें। अक्सर, मानवीय जीवनशैली को पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन के लिए दोषी' ठहराया जाता है। इसका उपाय क्या है? हजारों वर्षों से भारत की सनातन संस्कृति में सभी जीव-जंतु और पेड़-पौधे ही नहीं, बल्कि समस्त ब्रह्मांड का संरक्षण और कल्याण निहित हैं।

वसुधैव कुटुंबकम' और सर्वे भवंतु सुखिनः' रूपी बीजमंत्र मानवीय जीवन को संयमित करते है, जो वैज्ञानिक और स्वस्थ जीवन की आदर्श शैली है। यह किसी भौगोलिक, सामाजिक और किसी समुदाय विशेष का जीवनचक्र नहीं है, यह सबके लिए है। भारतीय संस्कृति में परंपरागत रूप से संतुलन और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया गया है। इसका प्रमाण भारतीय दार्शनिक ग्रंथ, जैसे वेद, उपनिषद और श्रीभगवद्गीता में मिलता है, जहां त्याग, संतोष और साझा उपभोग को जीवन का हिस्सा माना गया है। इसमें प्रकृति को देवी-देवता के रूप में पूजने की परंपरा है, जो संसाधनों के प्रति सम्मान और उनकी अति-खपत से बचने की शिक्षा देता है। यह अलग बात है कि पाश्चात्य जीवनशैली और आधुनिक उपभोक्तावाद ने इस दृष्टिकोण को काफी हद तक प्रभावित किया है।

# बजट 2025 : लोक लुभावन भी और राजनीतिक भी

उमेश चतुर्वेदी

**बजट की तैयारियों के बीच सोशल मीडिया पर एक खबर जुगनू की तरह आई और तत्काल लुप्त हो गई थी। जिसने जुगनू के उस प्रकाश को देखा और उसके संकेतों को समझने की कोशिश की थी, उन्हें इस बात का आभास हो गया था कि आम बजट में क्या होने जा रहा है। सोशल मीडिया पर आए उस समाचार में कहा गया था कि केंद्र सरकार के प्रति मध्य वर्ग पहले की तरह उत्साही नहीं है। किंचित वह केंद्र सरकार के कामकाज और सरकार की ओर से हो रही बेरूखी से वह परेशान और निराश है।**



सोशल मीडिया पर मध्य वर्ग की ऐसी प्रतिक्रियाओं पर मोदी की नजर रहती है। इसे देखते हुए उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा था कि वे लोगों से सीधा संवाद करें। सोशल मीडिया यही खबर थी। लेकिन इस खबर के संकेत साफथे। आम बजट में मध्य वर्ग को राहत मिलने के आसार तभी दिखने लगे थे। निर्मला सीतारमण की ओर से बारह लाख 75 हजार रूपए तक की आय पर मिली आयकर छूट को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और कुछ महीनों बाद देश की राजनीति की धड़कन माने जाने वाली मगध की धरती यानी बिहार में भी चुनाव होना है। निर्मला सीतारमण की ओर से मिली आयकर छूट से सरकारी कर्मचारियों की भी राजधानी मानी जाने वाली दिल्ली चुनाव पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। शायद यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल मोदी सरकार के बजट से खुश नहीं हैं और कह रहे हैं कि इस बजट से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिली है। इस बजट में बिहार को बहुत कुछ मिला है। निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्ताव में बिहार के किसानों के लिए मखाना बोर्ड का एलान किया है। इससे बिहार के मखाना किसानों को राहत मिलने के आसार है। इसके उत्पादन, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के अवसर बढ़ेंगे। जाहिर है कि इसका सीधा फायदा बिहार के ही लोगों को मिलेगा। बजट प्रस्तावों में मखाना निकालने के काम में लगे लोगों के लिए भी सरकारी राहत की बात की गई है। यानी मखाना उत्पादक, उसके वितरक और उसके कामगार, सबको राहत और मौका देने की बात की गई है। प्रस्तावित मखाना बोर्ड की एक और जिम्मेदारी होगी। वह किसानों को प्रशिक्षण और सहयोग भी देगा। साथ ही उन्हें सरकार की तरफसे मिलने वाले फायदों को भी सुनिश्चित करेगा।

वैसे देखें तो मध्य वर्ग को केंद्र सरकार ने इन बजट प्रस्तावों के जरिए एक लाख करोड़ रुपए का उपहार दिया है। इसमें 12 लाख 75 हजार रुपए की आमदनी वाले लोगों को जहां टैक्स में 80 हजार रुपए का फायदा हुआ है। आयकर में छूट की मांग अरसे होती रही है। पिछले कई बजट में ऐसी छूट नहीं मिलती थी तो लोग इसे लेकर निराश होते रहते थे। बहरहाल 16 लाख रुपए की आमदनी वाले लोगों को टैक्स में 50 हजार रुपए का फायदा हुआ है तो 18 लाख रुपए की आमदनी वाले को टैक्स में 70 हजार रुपए का लाभ दिख रहा है। इसी तरह 20 लाख रुपए की आमदनी वाले को 90 हजार रुपए का फायदा होगा तो 25 लाख रुपए की आमदनी वाले को एक लाख दस हजार रुपए का नए टैक्स नियमों से फायदा होगा। इसी तरह 50 लाख रुपए की आमदनी वाले को भी एक लाख दस हजार रुपए का फायदा हो रहा है। जाहिर है कि मध्य वर्ग को इससे फायदा होता नजर आ रहा है। वायस ऑफ बैंकिंग के प्रमुख अश्विनी राणा के अनुसार, टैक्स बचने से लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा आयेगा। इससे लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी। इससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है।

केन्द्रीय बजट में कृषि और महिलाओं पर भी फोकस किया गया है। पीएम धन-धान्य योजना का प्रस्ताव किया गया है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया गया। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए लाभ होगा। भारतीय पोस्ट यानी इंडियन पोस्ट के दफ्तरों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। इसका लाभ भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के छोटे उद्योगों को लाभ मिलेगा। एमएसएमई को राष्ट्रीय मिशन के रूप में लिया जाएगा और नए वर्गीकरण तथा ऋण में भी बढ़ोतरी से लाभ होगा। एमएसएमई को भी क्रेडिट कार्ड देने की तैयारी है। इसके साथ ही बजट प्रस्तावों में राज्यों को शहरों में पूंजीगत योजनाओं में निवेश के लिए ऋण से जहां विकास होगा वहीं रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही, सक्षम आंगनवाड़ी 2.0 के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा। ऊर्जा और जल मिशन पर भी फोकस किया गया है। रोजगार पैदा करने के लिए पर्यटन केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों का विकास अच्छा प्रयास है। सरकार ने इसी तरह बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश को 75 से 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। इससे बीमा क्षेत्र में विकास की उम्मीद है। अश्विनी राणा का कहना है कि इसके बावजूद सरकार को सचेत रहना होगा और बीमा कंपनियों को जनता को लूटने से बचाना होगा। सरकार को इसके लिए कड़ी निगरानी रखनी होगी। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए नए कोड की घोषणा शीघ्र होगी। जीवन रक्षक दवाइयों पर आयात शुल्क समाप्त करने से रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। हर जिले में कैंसर के इलाज की सुविधा देना भी बड़ा फैसला है। इसके साथ ही मेडिकल पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी है। आम आदमी का सपना है अपने सिर पर अपना छत होना। इस बजट के जरिए लोगों को घर खरीदने में राहत का भी ऐलान किया गया है। इससे लोगों के साथ ही रियल एस्टेट को भी फायदा होगा। जिससे निर्माण क्षेत्र में रोजगार बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

बिहार का पटना हवाई अड्डा इन दिनों बेहद व्यस्त है। लेकिन वह छोटा पड़ रहा है। इसके विकास और उसकी क्षमता बढ़ाने के लिए भी बजट प्रस्ताव किया गया है। इससे देश-विदेश में काम कर रहे बिहार के लोगों को सीधे फायदा होगा और उनकी अपनी माटी से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इसके साथ ही, बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, और उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव है। इस संस्थान के जरिए समूचे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को मजबूती देने की तैयारी है। इसके द्वारा किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने की तैयारी तो है ही, उनकी आय में बढ़ोत्तरी का भी प्रस्ताव है। निर्मला सीतारमण के अनुसार, इस संस्थान के जरिए युवाओं को हुनरमंद बनाने की तैयारी है। इसके साथ ही उन्हें उद्यमिता और रोजगार प्राप्त करने के अवसर पैदा करेगा। बिहार में नए ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाएंगे। इसके जरिए पश्चिमी कोसी नहर परियोजना को भी आर्थिक सहायता मदद दी जा रही है। इसके जरिए उत्तरी बिहार के 50 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की सहूलियत बढ़ेगी। इससे मिथिलांचल की कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

यूं तो हर बजट सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक भी होता है। लेकिन आयकर छूट और बिहार को मिलने वाली विशेष सहायता योजनाओं के संदर्भ में यह राजनीतिक बजट भी है। हालांकि इन पंक्तियों को लिखे जाने तक किसी ने इस नजरिए से बजट पर सवाल नहीं उठाया है, लेकिन यह तय है कि इन प्रस्तावों से दिल्ली और बिहार के वोटरों को लुभाने की कोशिश की गई है।

कुल मिलाकर कह सकते हैं कि बजट के जरिए लोक को साधने के साथ ही आर्थिक स्थिति को भी बेहतर बनाने की कोशिश है। हालांकि लोगों को उम्मीद थी कि जीएसटी दरों में राहत मिलेगी, मध्य वर्ग को कर्ज मुक्ति मिलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। लेकिन कह सकते हैं कि यह बजट कुछ संदर्भों में लोकलुभावन है तो कुछ अर्थों में नहीं। इन अर्थों में यह राजनीतिक भी है और राजनीतिक हित साधने का साधन भी।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# दिल्ली में किसकी सत्ता

अमरेंद्र कुमार राय

**दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान है, और आठ तारीख को नतीजों की घोषणा। तीन तारीख तक चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। बावजूद इसके कोई भी बताने की स्थिति में नहीं है कि दिल्ली में किसकी सरकार बनने जा रही है। इसकी कुछ वजहें हैं। जो कुछ पिछले लोक सभा चुनाव, हरियाणा विधानसभा चुनाव और उससे भी बढ़ कर महाराष्ट्र चुनाव में हुआ, उसके बाद किसी की हिम्मत नहीं हो रही है कि खुल कर बता दे कि दिल्ली में किसकी सरकार बनने जा रही है। किसको कितनी सीटें मिल रही हैं।**




इससे पहले आप ने देखा था कि चुनाव से बहुत पहले से कई सर्वे एजेंसियां बताने लगती थीं कि अमुक पार्टी या गठबंधन को बढ़त है, और फलां को इतनी सीटें मिल रही हैं। लोक सभा चुनावों में कुछ एजेंसियों ने बीजेपी के अकेले 350 से ज्यादा सीटें जीतने की घोषणा की लेकिन बीजेपी 240 पर ही अटक गई। बाद में यह भी सामने आया कि चुनाव आयोग ने खेल न किया होता, निष्पक्ष चुनाव हुए होते तो बीजेपी की सीटों की संख्या 180 पर सिमट गई होती। हरियाणा के चुनाव में कोई सर्वे एजेंसी नहीं कह रही थी कि बीजेपी जीत भी सकती है, बल्कि वे कांग्रेस की बंपर जीत और बीजेपी की बुरी हार का दावा कर रही थीं। लेकिन नतीजे बिल्कुल विपरीत आए। बीजेपी ने 48 सीटें जीत कर रिकॉर्ड बना दिया। 2014 के चुनावों में जब नरेन्द्र मोदी की आंधी चल रही थी तब भी बीजेपी हरियाणा में 45 सीटें पार नहीं कर पाई थी। 2019 के चुनाव में तो वह 40 सीटों पर ही सिमट गई थी।

लेकिन 2024 में उसकी निश्चित हार, वह भी बुरी तरह दिख रही थी, के आकलन के बावजूद उसने 48 सीटें जीत कर रिकॉर्ड बना दिया। महाराष्ट्र में तो और भी बुरा हाल हुआ। कुछ महीने पहले हुए लोक सभा चुनाव में जिस कांग्रेस, शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी शरद पवार वाले गुट ने एनडीए को बुरी तरह पटखनी दी थी, वह विधानसभा चुनाव में बुरी तरह हार गया। कहां तो इनके दो सौ सीटें जीतने की भविष्यवाणी की जा रही थी और कहां ये सब मिल कर पचास सीटें भी नहीं पा सके। इसमें भी चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठे। माना जा रहा है कि हरियाणा और महाराष्ट्र में जनता की जीत नहीं, बल्कि चुनाव आयोग के खेल की जीत है। इसीलिए अब हर सर्वे एजेंसी दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीती जाने वाली सीटों की संख्या घोषित करने में घबरा रही है।

बहरहाल, दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर तीन बातें कही जा रही हैं। एक यह कि जमीन पर आम आदमी पार्टी (आप) मजबूत है और बाकी पार्टियों पर बढ़त बनाए हुए है। इसकी सीटों की संख्या पिछले दो विधानसभा चुनावों की तुलना में कम जरूर हो जाएगी लेकिन सरकार बनाने लायक बहुमत आसानी से पा जाएगी। दूसरी बात यह कही जा रही है कि पिछले दस साल सरकार चलाने के बाद लोगों में आप को लेकर नाराजगी है, और इस बार वे सरकार बदलने के मूड में हैं, और इसका लाभ बीजेपी को मिल सकता है। तीसरी बात यह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पांच प्रतिशत से भी कम पर सिमट गई थी। इस बार वह जोर लगा रही है। इसलिए अपने वोटों का प्रतिशत बढ़ा कर दस के आसपास कर सकती है। इससे उसकी सीटों का खाता तो शायद न खुले लेकिन निराशा से वह जरूर बच सकती है। वह अपने कार्यकर्ताओं को सपना दिखा सकती है कि इस बार हम वोट बढ़ा सकते हैं तो आगे जीत कर सरकार भी बना सकते हैं। कुछ लोग बीजेपी की जीत और आप की हार में कांग्रेस के वोटों में बढ़ोतरी ही देख रहे हैं।

कुछ कांग्रेस समर्थकों की यह भी सोच है कि मुस्लिम और दलितों में कांग्रेस के प्रति रुझान है। ये दोनों वर्ग मिला कर दिल्ली की आबादी में 30 प्रतिशत हैं। अगर इन दोनों वगरे ने कांग्रेस का साथ दिया और राहुल गांधी ने आक्रामक प्रचार किया तो कांग्रेस 15 प्रतिशत के आसपास वोट भी पा सकती है, विधानसभा चुनाव में वह आठ-दस सीटें भी जीत सकती है, और ऐसा हुआ तो त्रिशंकु विधानसभा आएगी और फिर कांग्रेस दिल्ली में पुनर्जीवित हो उठेगी। हालांकि इसकी संभावना न के बराबर है। हर चुनाव के बाद खासकर बीजेपी की जीत का एक नरेशन गढ़ा जाता है। जैसे हरियाणा के नतीजों के बाद नरेशन गढ़ा गया कि लोक सभा चुनाव में संघ ने बीजेपी के लिए काम नहीं किया था।

हरियाणा के चुनाव में उसने काम किया और हारी बाजी जीत में पलट दी। कांग्रेस की गुटबाजी को भी उसकी हार की वजह बताया गया। महाराष्ट्र के चुनावों में महिलाओं को बांटे जाने वाले रुपये को जीत का आधार बताया गया। उसे सही ठहराने के लिए झारखंड और मध्य प्रदेश की महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाएं और उनके नतीजे सामने रखे गए। आपको याद होगा कि गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में बीजेपी ने रिकॉर्ड जीत हासिल की थी। तब नरेशन गढ़ा गया कि वहां आप ने कांग्रेस के ज्यादातर वोट काट लिए। इसलिए ऐसा नतीजा आया। तो दिल्ली में भी इसकी संभावना है।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# अवैध प्रवासियों के निष्कासन की घोषणा

**अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने देश से अवैध प्रवासियों के निष्कासन की घोषणा की है। अगर ट्रंप प्रशासन आप्रवासियों को बाहर निकालने की नीति को लागू करता है तो वह अवैध रूप से रहने वाले भारतीय भी अछूते नहीं रहेंगे। इस संबंध में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले भारतीय नागरिकों के बारे में नई दिल्ली के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत अवैध प्रवास का दृढ़ विरोधी है, क्योंकि जब कुछ अवैध होता है तो कई अन्य अवैध गतिविधियां भी उसमें शामिल हो जाती हैं।**




इसलिए भारत अमेरिका समेत विदेशों में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों की वैध वापसी की वापसी के लिए तैयार है? विदेश मंत्री का यह कथन मौजूदा वैश्विक संदर्भ में एकदम उचित है। भारत में भी ऐसे अनेक उदाहरण मिल जाएंगे जहां लोग अपराध या आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े जुड़े रहे हैं, वे आंतरिक सुरक्षा एजेंसियों के दबाव के चलते वैध-अवैध तरीके से बाहर भाग जाते हैं। वहां अपने को प्रताड़ित बताकर वहां के लचीले कानूनों का लाभ उठाकर नागरिक बनने का प्रयास करते हैं।

ऐसे लोग के पास न तो प्रताडऩा के पुख्ता सबूत होते हैं और न वहां पहुंचने का कोई वैध कारण होता है। ये लोग अपने मूल देश में समस्याएं खड़ी करके परिणाम से बचने के लिए अन्य देशों में पहुंचते हैं और वहां के समाज के लिए समस्याएं खड़ी करते हैं। अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जैसे देश ऐसे लोगों के लिए सुगम शरणस्थली रहे हैं। अमेरिका ने अगर अवैध आप्रवासियों को उनके मूल देश में वापस भेजने का निर्णय लिया है तो यह अकारण नहीं है।

जयशंकर को राजनीतिक और नैतिक दोनों ही तौर पर अमेरिका के इस कदम का समर्थन करना था। भारत स्वयं अवैध और प्रवासियों की समस्याओं से जूझ रहा है जिन्होंने आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर संकट खड़े कर दिए हैं। भारत भी ऐसे अवैध आप्रवासियों के खिलाफ कदम उठा रहा है। इससे ऐसे लोगों पर लगाम लगेगी जो अपने देश और दूसरे देशों में अपने धत्कर्मो के कारण बोझ बन जाते हैं। लेकिन कुछ लोग रोजगार और व्यवसाय के लिए भी बिना समुचित वैध पपत्रों के पहुंच जाते हैं तो ऐसे लोगों पर विचार किया जाना चाहिए।













प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



# श्रीकंचनपथ

भिलाई-दुर्ग


ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544



## खास खबर

### मोदी के नेतृत्व देश आगे बढ़ रहा है - गजेन्द्र यादव



**दुर्ग।** दुर्ग निगम चुनाव में सभी भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड मतो से जीत दिलाने कार्यकर्त्ता संग विधायक गजेन्द्र यादव घर घर संपर्क कर भाजपा को जिताने अपील कर रहे है। महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार के साथ जनसंपर्क में शामिल हुए और दुर्ग की जनता से देशहित में मतदान करने आशीर्वाद लिए। मोदी की गारंटी और छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की मोदी के नेतृत्व देश आगे बढ़ रहा है। अलका बाघमार को सेवा का अवसर देने जनता में उत्साह उमंग है। पार्षद प्रत्याशीयों के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर जनसंपर्क शुरू किये, जो बजरंग नगर, उरला, तकियापारा, बोरसी, साकेत कॉलोनी, ब्राम्हणपारा, गिरधारी नगर, क्षेत्र में जनसंपर्क किया। महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार ने देश का भविष्य सुरक्षित हाथ में बताते हुए देश के विकास में हमें मोदी जी हाथ मजबूत करना है इसलिए आप सभी भाजपा के पक्ष में मतदान कर राष्ट्र निर्माण अपनी भूमिका अदा करे।

### सरकारी स्कूल के बच्चों को मिलेगा ठंडा पानी, शुकराना समिति ने दान किया वाटर कूलर

**भिलाई।** शुकराना महिला सेवा समिति ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्णा नगर सुपेला में वाटर कूलर सेवा कार्य के रूप में दान किया।जिससे यहां के बच्चों को ठंडा पानी पीने के लिए स्कूल के बाहर न जाना पड़े। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती शुभ्रा भट्टाचार्य, स्कूल के शिक्षक स्टाफ एवं उपस्थित बच्चों ने वाटर कूलर प्राप्त कर शुकराना महिला सेवा समिति के प्रति आभार प्रकट किया है। संस्था की ओर से प्रमुख रूप से रीटा कुखरानिया, बलविंदर कौर एवं सहयोगी नगीना यादव ने अपना योगदान दिया।

### भाजपा है तो भरोसा है - अल्का बाघमार

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी दुर्ग नगर निगम महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार जनसंपर्क कार्यक्रम रविवार को नयागंज मंडी वार्ड नंबर 17 औद्योगिक नगर उत्तर से प्रारंभ हुई। वार्ड नंबर 18 औद्योगिक नगर दक्षिण, वार्ड नंबर 19 भगत सिंह वार्ड दक्षिण , वार्ड नंबर 20 शहीद भगत सिंह वार्ड उत्तर, वार्ड नंबर 21 तितुरडीह में संपन्न हुई। जनसंपर्क में मातृ शक्तियों के द्वारा अपनी महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा करा कर जीत की अग्रिम बधाई शुभकामनाएं देते हुए मत रूपी शुभ आशीष देने का संकल्प लिया। जनसंपर्क के दौरान वार्ड क्रमांक 21 से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी विद्यावती सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुई है वहां कार्यकर्ताओं द्वारा महापौर प्रत्याशी अल्का बाघमार को 51 किलो लड्डू से तौला गया। इस अवसर पर दुर्ग महापौर प्रत्याशी अल्का बाघमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी है तो भरोसा है विश्वास है।

### मैत्री बाग में फ्लावर शो : दो दिन में जुटे हजारों पर्यटक

# रंग बिरंगे फूलों, बोनसाई और रंगोली के साथ वन्य जीव जंतुओं का उठाया लुत्फ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। मैत्री बाग में दो दिवसीय फ्लावर शो में हजारों पर्यटक जुटे। 1 व 2 फरवरी को आयोजित फ्लावर शो दुर्ग भिलाई सहित आसपास के जिलों से भी पर्यटक पहुंचे। विशेष कर रविवार को अवकाश होने के कारण दिन भी लोगों की भीड़ रही। मैत्री बाग में पहली बार दो दिवसीय फ्लावर शो का आयोजन किया गया था। सभी वर्ग के लोगों ने फूलों की सैकड़ों वेरायटी देखी। बोनसाई और रंगोली के मैत्री बाग जु का भी लुत्फ उठाया।**

इससे पहले फ्लावर शो का उद्घाटन शनिवार को मैत्री बाग के मोमबत्ती गार्डन में मुख्य अतिथि भिलाई महिला समाज की अध्यक्षा त्रिपर्णा दासगुप्ता द्वारा किया गया। फ्लावर शो के तहत विभिन्न श्रेणियों में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रकृति और पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लिया। जिनके अंतर्गत आवासीय व शालेय श्रेणियों में विभिन्न प्रकार के पुष्प, गमलों में लगे केक्टस, बोनसाई, क्रोटन, फोलियेज, फर्न, सेवंती, डहलिया, गुलाब, औषधीय वनस्पति एवं मौसमी पौधों इलायची, दालचीनी, हल्दी, अदरक आदि प्रदर्शित किया गया है। बीएसपी कर्मियों के घर के बगीचों से विशेष सब्जियों व फलों का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा रंगोली का आयोजन भी किया गया। पुष्प प्रदर्शनी-2025 के दूसरे दिन रविवार को फल, सब्जियों और कट फ्लावर तथा फलों से बनी रंगोली का प्रदर्शन किया गया।





#### वृहद पैमाने पर की गई थी तैयारियां

इस फ्लावर शो के लिये वृहद पैमाने पर तैयारियां की गई थी। फ्लावर शो-2025 को सफल बनाने एवं भव्यता प्रदान करने हेतु प्रबंधन द्वारा, मैत्री बाग में रंग-रोगन सहित अन्य आवश्यक तैयारियां भी व्यापक स्तर पर की गई थी। मैत्री बाग के मोमबत्ती गार्डन की साज-सज्जा सहित बागवानी से संबंधित स्टॉल आकर्षण का केन्द्र रहे। यहाँ 100 से भी अधिक स्टाल लगाये गए थे, जिनमें वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, नगर निगम और पर्यावरण विभाग के साथ विभिन्न नर्सरियों, उद्यानिकी और कृषि से संबंधित सामग्री का विक्रय करने वाले लोगों के स्टॉल भी लगे हुए है। ये सभी स्टॉल निःशुल्क है।

#### दुर्लभ और रंग-बिरंगे फूलों की प्रदर्शनी

मैत्रीबाग प्रभारी व महाप्रबंधक (उद्यानिकी) डॉ एनके जैन ने बताया कि, फ्लावर शो का मुख्य उद्देश्य बागवानी के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसके माध्यम से लोगों को हरियाली, फूलों की खेती और जैव विविधता के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया। इस साल भी फ्लावर शो में कई प्रकार के दुर्लभ और रंग-बिरंगे फूलों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें गुलाब, गेंदा, डहेलिया, जरबेरा, ऑर्किड, लिली, कनेर, गुलमोहर, सूरजमुखी समेत सैकड़ों प्रजाति के फूलों को सजाया जाएगा। इस बार बोंसाई गार्डन, वर्टिकल गार्डन, मेडिसिनल प्लांट्स, किचन गार्डन और ग्रीन वॉल जैसी खास प्रदर्शनियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

#### एक लाख से ज्यादा पर्यटकों ने देखा फ्लावर शो

फ्लावर शो के दौरान बच्चे काफी उत्साहित दिखे। बच्चे अपने परिजनों के साथ जू में रह रहे वन्य जीव जंतुओं को भी देखने पहुंचे। उन्होंने यहां सफेद शेर से लेकर हिरन, मगर, पक्षी, सर्प समेत कई अलग-अलग प्रजाति के जंगली जीव जंतुओं को नजदीक से देखा। इसके बाद बच्चों ने जू के अंदर खूब मस्ती की और वहां खाना भी खाया। मैत्री बाग प्रबंधन की ओर से बताया गया कि रविवार के दिन सुबह से ही लोगों की भीड़ आने लगी थी। यह भीड़ लगातार बनी हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार को एक लाख से ज्यादा पर्यटक पहुंचे।

# भिलाई वासियों की पहल पर अमेरिका में गूंजी हिंदी की कविताएं

### हिंदी यूएसए सेंट लुइस ने सफलतापूर्वक आयोजित की 7वीं वार्षिक कविता प्रतियोगिता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई वासियों के पहल से अमेरिका में स्थापित अंतरराष्ट्रीय संगठन हिंदी यूएसए सेंट लुइस ने महात्मा गांधी केंद्र में अपनी 7वीं वार्षिक हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक किया। यह आयोजन भारतीय गणतंत्र दिवस की थीम पर आधारित था, जिसमें छात्रों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन किया। कई छात्रों ने भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा पहनकर, तिरंगा हाथ में लेकर देशभक्ति कविताओं का पाठ किया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व इस्पात नगरी भिलाई में पले-बढ़े मयंक जैन, उनकी पत्नी और भिलाईवासी अंशु जैन के साथ मेघना लुंकड ने किया। मयंक जैन ने बताया कि, यह लगातार 7वां वर्ष है जब हिंदी यूएसए सेंट लुइस ने हिंदी कविता प्रतियोगिता आयोजित की है। यह स्कूल 2018 में मात्र 22 छात्रों से बढ़कर आज 230 पंजीकृत छात्रों तक पहुंच गया है, जिससे यह पूरे मिडवेस्ट यूएसए का सबसे बड़ा गैर-लाभकारी हिंदी स्कूल बन गया है और यह पूरे अमेरिका में सबसे बड़ी हिंदी प्रतियोगिताओं में से एक है। आयोजन के लिए समीर, धर्मेश और जयेश को विशेष धन्यवाद दिया गया। समीर ने कहा, भाषा, भूषा और भोजन किसी भी संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। हिंदी यूएसए का भारतीय संस्कृति को बनाए रखने में योगदान अत्यंत मूल्यवान है। प्रतियोगिता में 130 प्रतिभागियों ने आठ स्तरों पर हिस्सा लिया, जिसमें कविताएँ हल्के-फुल्के विषयों से लेकर रामधारी सिंह दिनकर और हरिवंश राय बच्चन जैसे कवियों की प्रेरणादायक और देशभक्ति कविताओं तक थीं। विजेता अब हिंदी यूएसए स्कूलों की अगली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का समापन मिसौरी कराटे एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत एक शानदार ताइक्वांडो प्रदर्शन के साथ हुआ, जो वंदे मातरम की धुन पर आधारित था। यह आयोजन भारतीय संस्कृति और छात्रों की प्रतिभा का अद्भुत संगम बन गया।



# लीनेस क्लब की पहल के चलते धूमधाम से विदा हुई गरीब की बेटी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** लीनेस क्लब भिलाई की पहल से एक गरीब परिवार की बेटी की विदाई धूमधाम से हुई। प्रयास मूक बधिर शाला में सेवारत आया ने लीनेस क्लब की सदस्यों की इस पहल के लिए आभार जताया है। दरअसल, इस आया की बेटी के विवाह में आर्थिक परेशानियां सामने आ रही थीं। इस आया ने लीनेस क्लब की अध्यक्ष रीटा कुखरानिया और सचिव माला पोपली और कोषाध्यक्ष राजश्री से संपर्क किया।

इसके बाद लीनेस क्लब की सदस्यों ने आपसी सहयोग कर इस बेटी के विवाह में यथासंभव उपहार व अन्य तरीके से मदद की। लीनेस क्लब की सदस्यों ने इस गरीब परिवार की बेटी के शानदार तरीके से विवाह संपन्न होने पर संतोष जताया है।

क्लब की ओर से मंजू सुराना, जया त्रिवेदी, करुणा बंसल, सुषमा गुप्ता, अन्नू विनायक, स्नेह गुप्ता, मंजू तिवारी, विभा भूटानी, ममता मुंदडा, सुषमा उपाध्याय, नीता गुप्ता, कल्पना श्रीवास्तव, अर्चना मिश्रा, लता मंत्री , संगीता अग्रवाल, शालिनी सोनी, नूतन गंधोक, अनु विनायक, प्रिया रस्तोगी, नीलू सिंघल, जया त्रिवेदी, उज्ज्वला सिंघल, अरुणा लिंगला, मनीषा सिन्हा, मधु परती, सीमा यादव, लक्ष्मी, तृप्ता कौर कैम्बो, संगीता अग्रवाल, उषा अग्रवाल, उमा गुप्ता अमित सारस्वत,गीता मिश्रा,पूनम आहूजा और शक्ति धरनि ने इस पुनीत कार्य में अपना विशिष्ट योगदान दिया।

# देवांगन जन कल्याण समिति द्वारा परमेश्वरी महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई नगर के तत्वावधान में परमेश्वरी महोत्सव का भव्य आयोजन बसंत पंचमी की तिथि को परमेश्वरी भवन, प्रगति नगर रिसाली में आस्था और भक्ति के साथ हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। दिन भर चले परमेश्वरी महोत्सव में देवांगन समाज के 30 विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय, 125 विशिष्ट प्रतिभाओं, समाज सेवियों, उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं एवं दानदाताओं का शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।इस अवसर पर समिति द्वारा प्रकाशित समाज की पत्रिका आवरण के 28वें अंक एवं डॉ नीलकंठ देवांगन की 9वीं पुस्तक सामाजिक सरोकार का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। परमेश्वरी महोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू थे तथा रिसाली नगर निगम की महापौर शशि सिन्हा, टेक्निकल यूनिवर्सिटी के



सलाहकार तुलसीराम देवांगन, बीएसपी सेक्टर 4 सोसायटी के अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आरंभ में देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने स्वागत भाषण में समिति के उपलब्धियों एवं रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देवांगन समाज के आदि पुरुष दीपचंद देवांगन के नाम पर समाज के पुरोधाओं को सम्मानित करने की नई शुरुआत की गई है।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा कि देवांगन समाज जागरूक और शिक्षित समाज है। उन्होंने कहा कि देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई ने अपने पुरोधाओं को सम्मानित करने की जो शुरुआत की है, वह बहुत ही सराहनीय एवं अनुकरणीय है। समारोह को नगर निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, भिलाई भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, समाज के संरक्षक कुंजलाल देवांगन, सर्व समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर देवांगन समाज के 7 पुरोधाओं को देवांगन आदि पुरुष दीपचंद सम्मान अलंकरण से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में जागेश्वर प्रसाद देवांगन फड़दफोड़ (बालोद), कुंजलाल देवांगन धमतरी, सेवक राम देवांगन भाटापारा, डॉ. श्यामलाल देवांगन, राम खिलावन देवांगन भिलाई, भूषण लाल देवांगन एवं ललित देवांगन छाया दुर्ग शामिल हैं।

परमेश्वरी महोत्सव की शुरुआत में प्रातः 8.30 बजे डीपीएस चौक रिसाली से देवांगन समाज की ईष्ट देवी माता परमेश्वरी की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई, जो आजाद मार्केट चौक, प्रगति नगर मुख्य मार्ग से होते हुए प्रगति नगर में स्थित कार्यक्रम स्थल परमेश्वरी भवन पहुंची। यहां पर परमेश्वरी मंदिर में सामुहिक आरती के साथ ही प्रातः 10.30 बजे से दिनभर चलने वाले विविध मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी नृत्यों के साथ ही भरतनाट्यम, कत्थक एवं शास्त्रीय नृत्य संगीत की धूम रही। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के अध्यक्ष मेघनाथ यादव के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने परमेश्वरी महोत्सव में शामिल होकर और मंच पर देवांगन समाज के पदाधिकारियों का सम्मान कर सामाजिक समरसता का परिचय दिया, जिसे सबने सराहा। महोत्सव में देवांगन समाज के प्रदेश, जिला, ब्लाक एवं मंडल स्तर के सामाजिक पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए। प्रभारी संतोष देवांगन के नेतृत्व में सभी अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुमन देवांगन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन रामगोपाल देवांगन एवं आभार प्रदर्शन सचिव विनोद देवांगन ने किया। इस अवसर पर प्रदेश देवांगन समाज छत्तीसगढ़ के संरक्षक महेश देवांगन, धनेश देवांगन, गजेंद्र देवांगन, छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के अध्यक्ष मेघनाथ यादव, डॉ. डीपी देशमुख, ब्रह्म देव पटेल, चंदूलाल मरकाम, पंचराम साहू, भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष पुरूषोत्तम साहू, महासचिव गजानंद साहू, रिसाली निगम एम आई सी सदस्य ममता यादव, पार्षद धर्मेन्द्र भगत,गोवर्धन देवांगन आदि पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में देवांगन समाज के लोग उपस्थित थे।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# छत्तीसगढ़ी भाषा को प्राथमिक शाला के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ी काव्य गोष्ठी में उपस्थित प्रदेश भर के कवियों ने छत्तीसगढ़ी भाषा को प्राथमिक शाला के पाठ्यक्रम में शामिल किये जाने की माँग की।

रायपुर के वृंदावन हाल में संपन्न काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार सुशील भोले ने की। एम ए छत्तीसगढी छात्र संगठन के अध्यक्ष ऋतुराज साहू एवं वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार धर द्विवेदी विशेष अतिथि थे। वक्ता मंच के संयोजक शुभम साहू द्वारा काव्य गोष्ठी का प्रभावी संचालन किया गया। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते के स्वागत भाषण से आरंभ काव्य गोष्ठी में दुर्ग, भिलाई, राजिम, रायपुर, मुंगेली, बिलासपुर, राजिम, रायगढ़, जांजगीर , तिल्दा नेवरा सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे 75 कवियों ने 5 घंटे तक काव्य पाठ कर देश व प्रदेश के समक्ष उपस्थित ज्वलंत मुद्दों को उठाया।



काव्य गोष्ठी मे राजेश पराते, शुभम साहू, डॉ उदयभान सिंह चौहान, यशोदा वैष्णव, डॉ तुलेश्वरी धुरंधर, चेतन भारती, खेमेश्वर पुरी गोस्वामी, दुष्यंत साहू, उत्तम देवहरे, मोहन श्रीवास्तव, शोभा मोहन श्रीवास्तव, डॉ सिंधु शुक्ला, हरमन कुमार बघेल, पुरुषोत्तम साहू, ऋतुराज साहू, संजीव दुबे, मनोज यादव, राजाराम रसिक, मनोज कुमार डागा, कुमार जगदलवी, डॉ कमल वर्मा, उमा स्वामी, मधु तिवारी, संतोष शर्मा, रश्मि शकुंतला मिश्रा, राजकुमार धर द्विवेदी, ऋतुराज साहू, सुनीता वैष्णव, सुरेश कुमार शर्मा, प्रकाश कुमार यादव, इस्माईल आज़ाद, चंद्र कुमार बर्मन, सुषमा पटेल, राजेंद्र रायपुरी, चंद्रा वैष्णव, लक्ष्मण दास वैष्णव, ऋषि कुमार साव, डॉ जितेंद्र कुमार वर्मा, देव मानिकपुरी, अनिल राय, मुकेश कुमार सोनकर, मुकुंद शिलेदार, नवेद रज़ा दुर्गवी, अनिल श्रीवास्तव, लतिका भावे, छबिलाल सोनी, अनिता गुरूपंच, मिनेश कुमार साहू, प्रमदा ठाकुर, शुभा शुक्ला 'निशा', रूनाली चक्रवर्ती, यशवंत यदु 'यश', रिक्की बिंदास, मन्नूलाल यदु, डॉ इंद्रदेव यदु, गजेंद्र कुमार साहू, अनामिका शर्मा 'शशि', ईश्वर साहू 'बंधी', डॉ मुन्नलाल देवदास, डॉ भारती अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, बिसरु राम कुर्रे, रघुनाथ देशमुख, ज्योति सोनी, पूर्णेश डडसेना, ज्योति शुक्ला, विमला वर्मा, जगतारन डहरे, सानुज सोनी, डॉ चंद्रशेखर खरे, चैतराम साहू गोविंद धनगर, नरेंद्र कुमार 'पार्थ' तथा सुमन शर्मा बाजपेयी ने काव्य पाठ किया।

## खास खबर...




### आजाद छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बसंत पंचमी

**रायपुर।** रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के आजाद छात्रावास में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी प्रपत्त्यानन्दजी (संपादक, विवेकज्योति रामकृष्ण मिशन आश्रम, रायपुर) विशेष अतिथि के रूप में प्रो. राजीव चौधरी (अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं विभागाध्यक्ष विधि अध्ययनशाला रवि. वि. वि. रायपुर) उपस्थिति थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजाद छात्रावास के वार्डन प्रो. बी. एल सोनेकर द्वारा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ किया गया तत्पश्चात स्वामीजी के द्वारा बसंत पंचमी के पर्व एवं उसकी महत्ता के विषय में सारगर्भित शब्दों में प्रकाश डाला गया एवं मन और बुद्धि की व्याख्या की गई इसके अलावा विशेष अतिथि प्रो. राजीव चौधरी के द्वारा मन, बुद्धि, शरीर और आत्मा के ऊपर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि के द्वारा छात्रों को भगवदगीता वितरित किया गया एवं कार्यक्रम के समापन के तौर पर वार्डन ने धन्यवाद् ज्ञापित किया।

### सड़क किनारे मोबाइल कवर बेच रहे व्यापारियों पर हुई कार्रवाई

**रायपुर।** रायपुर में सड़क घेरकर मोबाइल कवर दुकान लगाने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने एक्शन लिया है। दुकान मालिकों ने बिना RTO के परमिशन मालवाहक वाहनों को मॉडिफाई भी किया। फिर शहर की मुख्य सड़क के किनारे ही दुकान लगाने लगे। पुलिस ने शहर के अलग-अलग इलाकों से 6 गाड़ियां जब्त की है।



ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि, शहर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए SSP लाल उमेद सिंह ने नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत शहर के मुख्य सड़कों पर कुछ छोटे मालवाहक वाहन मालिक दुकान लगा रहे थे। इनकी दुकान पर आने वाले ग्राहक भी सड़क पर गाड़ियां खड़ी कर रास्ता जाम कर रहे थे। जिससे दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में छह गाड़ियों को जब्त किया है। इन मामलों में अब कोर्ट आगे का निर्णय लेगा। इसके अलावा ये वाहन मालिक गाड़ियों को बिना आरटीओ के परमिशन मॉडिफाई करके प्रयोग कर रहे थे। जो परमिट के शर्तों का उल्लंघन है। पुलिस अफसरों का कहना है कि ये अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सभी राजनैतिक दल आचार संहिता का पालन करें: सामान्य प्रेक्षक इफ्फत आरा

## सौहार्द्रपूर्ण वातावरण और सामंजस्य स्थापित करते हुए निर्वाचन कार्य संपन्न करें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन की सामान्य प्रेक्षक श्रीमती इफ्फत आरा और निर्वाचन व्यय प्रेक्षक सुनील गजभिये की उपस्थिति में कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन के सभागृह में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अभ्यर्थियों की बैठक हुई। इसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप और उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




सामान्य प्रेक्षक श्रीमती इफ्फत आरा ने कहा कि सभी अभ्यर्थियों और उनके प्रतिनिधियों को नियमों आचार संहित का पालन करें। उन्हें नियमों की भी जानकारी होनी चाहिए। किसी भी प्रकार का भ्रम होने पर वे अपने रिटर्निंग अधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान कार्यालयों, सभाओं रैलियों, वाहनों इत्यादी की अनुमति संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से ले लेना चाहिए। चुनाव के दौरान किए गए निर्धारित व्यय सीमा का भी पालन करना चाहिए। श्रीमती आरा ने कहा कि रायपुर नगर पालिक निगम का चुनाव इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन अर्थात ईवीएम से होना है। सभी अभ्यर्थियों और उनके प्रतिनिधियों को भी महापौर अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों को ईवीएम के माध्मय से मतदान प्रक्रिया की तकनीकि जानकारी होनी चाहिए। सामान्य प्रेक्षक ने मतदान और मतगणना अभिकर्ताओं को उचित प्रशिक्षण देने के लिए भी कहा।

बैठक में निर्वाचन व्यय प्रेक्षक सुनिल गजभिए ने जानकारी दी कि रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में महापौर प्रत्याशी के अधिकतम् व्यय की सीमा 25 लाख रुपए है। उन्हें इसी सीमा के अन्तर्गत सभी आय और व्यय को दर्शाना होगा। व्यय उसी विशेष बैंक खाते से किया जाएगा जो नामांकन के दौरान प्रस्तुत किया गया है। नगद राशि के रुप में पूरे निर्वाचन के दौरान किसी एक व्यक्ति को एक कार्य के लिए दस हजार रुपए से ज्यादा नहीं दिया जा सकेगा। उन्होने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी रेट लिस्ट के आधार पर व्यय की गणना की जाएगी। व्यय लेखा का जानकारी में व्यय की रसीदें भी संलग्न करना होगा। महापौर प्रत्याशी को व्यय की जानकारी के लिए तीन प्रारुप क, ख और ग जारी किया गया है। इसी में सभी खर्चों को दर्शाकर प्रस्तुत करना होगा। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया की अवधि में अभ्यर्थी को कम से कम दो बार अपने लेखे (केवल प्रारूप क) का निरीक्षण करने के लिए प्रस्तुत करना होगा। निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिवस के भीतर प्रत्याशियों को व्यय लेखा का अंतिम विवरण जमा करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अभ्यर्थियों और उनके प्रतिनिधियों से कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव के दौरान आपसी सामजस्य और सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में संपन्न कराएं। डॉ. गौरव सिंह ने रायपुर नगर निगम निर्वाचन क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीन से मतदान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि महापौर अध्यक्ष पद के लिए ईवीएम में प्रदर्शित सफेद लेबल में मतदाता अपनी पसंद के अभ्यर्थी के नाम के सामने खुले बटन को दबा कर अपना मतदान कर सकेगें। मतदान होते ही ईवीएम से एक छोटी सी बीप की आवाज आएगी। इस छोटी बीप का मतलब होगा की मतदाता ने महापौर के लिए अपना वोट दे दिया है। इसके बाद पार्षद पद के लिए ईवीएम में प्रदर्शित गुलाबी लेबल में मतदाता अपनी पसंद के अभ्यर्थी के नाम के सामने खुले बटन को दबा कर अपना वोट दे सकेगें। मतदान के बाद एक बड़ी बीप की आवाज आएगी। इस बड़ी बीप का मतलब होगा की मतदाता ने पार्षद के लिए अपना वोट दिया। एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था का पालन करें। यदि किसी को कोई समस्या हो तो पुलिस को सूचित करें। राजनैतिक दल, रैलीसभा इत्यादि की अनुमति संबंधित प्राधिकृत अधिकारी से प्राप्त करें। बिना अनुमति के कोई भी रैली-जुलूस ना निकालें। साथ ही जितने वाहनों की अनुमति प्राप्त हो उतने ही का उपयोग करें।

# 18 साल के आर्यन्स ने दिया तीन लोगों को जीवनदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी स्थित एम्स अस्पताल में शनिवार को प्रदेश का 11वां अंगदान हुआ। 18 वर्षीय आर्यन्स आदिल ने अपनी दोनों किडनी और लीवर दान कर तीन नवयुवकों को नया जीवन दिया। इस साहसिक कदम से छत्तीसगढ़ के नौजवान दानवीरों की सूची में चंगोराभाटा निवासी आर्यन्स आदिल का नाम भी जुड़ गया।



29 जनवरी की शाम, जेईई-नीट परीक्षा देकर घर लौटते समय आर्यन्स एक दुर्घटना का शिकार हो गया। उसे गंभीर हालत में सुयश अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन सिर पर गहरी चोट के कारण डॉक्टरों ने उसे ब्रेन स्टेम डेथ घोषित कर दिया। इस कठिन घड़ी में आर्यन्स के माता-पिता, असीम कुमार आदिल और वर्षा आदिल, ने साहसिक निर्णय लिया और अपने बेटे के अंगों को दान करने का फैसला किया। इसके बाद उसे एम्मस अस्पताल ले जाया गया, जहां उसके उपयुक्त अंग प्राप्त किए गए।

आर्यन्स की एक किडनी एम्मस अस्पताल के 21 वर्षीय मरीज को मिली। दूसरी किडनी रामकृष्ण अस्पताल के 24 वर्षीय युवक को प्रत्यारोपित की गई। उनका लीवर भी रामकृष्ण अस्पताल को सौंपा गया। नए साल में इस प्रथम अंगदान से लोगों को प्रेरणा मिली है। स्वास्थ्य सेवाओं के संचालनालय की पूरी टीम ने एम्मस अस्पताल और रामकृष्ण अस्पताल को बधाई दी। यह प्रदेश का अब तक का 11वां अंगदान है और नए साल का पहला, जिससे उम्मीद है कि और भी लोग आगे आकर अंगदान के लिए प्रेरित होंगे।

## निधन के बाद पंडित जी का देह और नेत्रदान

**रायपुर।** न्यू आदर्श नगर दुर्ग निवासी दिगंबर जैन समाज के प्रतिष्ठित पंडित सुरेशचंद्र जैन (पंडित जी) के निधन के पश्चात जैन परिवार द्वारा पंडित जी का देहदान व नेत्रदान कर समाज को बड़ा सन्देश दिया। सुरेशचंद्र जैन के निधन के पश्चात सुरेशचंद्र जैन की पत्नी पुष्पा जैन,पुत्र पकंज जैन,नीरज जैन,धीरज जैन ने अपने परिवार के मुखिया के देहदान व नेत्रदान का निर्णय लिया और नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों को सूचित किया।

फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, मंगल अग्रवाल, सुरेश जैन, राजेश पारख पूरा समय जैन निवास पर उपस्थित रहे व देहदान, नेत्रदान प्रक्रिया में सहयोग किया। सुरेशचंद्र जैन के पुत्र नीरज जैन ने कहा मेरे पिता ने उम्र भर लोगों को ज्ञान दिया पहले वह पंडित नेहरू स्कूल में शिक्षक रहे एवं बाद में समाज की पंडित के रूप में सेवा की उनकी जो शिक्षा व संस्कार हमें मिले उसी का फल है कि हमने उनके देहदान व नेत्रदान कर पिता के जीवन को सार्थक किया हम अपने पिता से जीवन भर प्रेरणा लेते रहेंगे। सुरेश जैन ने कहा पंडित जैन समाज के प्रकाण्ड विद्वान थे और उनके ज्ञान से सभी वर्ग प्रभावित थे पंडित जी के देहदान व नेत्रदान से समाज में देहदान व नेत्रदान हेतु नई चेतना आएगी एवं जागरूकता बढ़ेगी। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज जुनवानी की डॉ. हर्षिका जैन एवं नेत्र सहायक विवेक कुमार ने कॉर्निया कलेक्ट किये व को शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के संदीप रिसबुड, दयाराम महिलांग एवं दीपक सोनी ने देहदान की प्रक्रिया सम्पन्न की।



## धनोरा में निकली श्रीहनुमंत व श्रीराम कथा की भव्य कलश शोभायात्रा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग व समस्त ग्रामवासी के सहयोग से श्रीहनुमंत कथा, श्रीराम कथा एवं शत् चंडी यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन 4 फरवरी से 12 फरवरी तक निरंतर चलेगा। इसी क्रम में आज भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी।

महावीर उद्यान से महिलाएं कलश लेकर बजार चौक होते हुए मुख्य गली शीतला पारा से मां शीतला तालाब पहुंचेगी, जहां पर मां शीतला की ब्राम्हणों द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर मां शीतला तालाब से जल लेकर मां कर्मा भवन, गौरा चौक, मां बम्लेश्वरी मंदिर गोल्डन चौक होते गाजे-बाजे के साथ वापस महावीर उद्यान पहुंचेगी। जहां पर विद्वान पंडितों के द्वारा यज्ञ स्थल एवं श्री हनुमंत कथा का पुजा पाठ करके पंडित दीपक पाण्डेय द्वारा श्री हनुमंत कथा का रसपान कराया जाएगा। बाबा दरबार के लक्ष्मण बाबा ने निवेदन किया है कि सभी भक्तगण इस शोभायात्रा में शामिल होकर अपने जीवन को कृतार्थ करें। यह जानकारी दरबार के लक्ष्मण बाबा ने दी।

# रायपुर निगम के अधिकारियों ने सभी वार्डों के मतदान केन्द्रों में किया ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग और रायपुर जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देश पर नगर पालिक निगम रायपुर के जोन कमिश्नरों द्वारा रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार विगत दिवस मास्टर ट्रेनर्स से ईव्हीएम मशीनों के प्रदर्शन का प्रशिक्षण प्राप्त करने के तत्काल पश्चात सभी 10 जोनों के 70 वार्डों के मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन आज लगातार दूसरे दिन जारी रहा।

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा इस कार्य हेतु नोडल अधिकारी एवं नगर निगम उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा सहायक नोडल अधिकारी रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियुक्त की गयी हैँ। सभी जोन कमिश्नरों को अपने-अपने जोन क्षेत्र में सभी वार्डों के मतदान केन्द्रों में ईवहीएम मशीनों का प्रदर्शन करने का दायित्व दिया गया है। जोन कमिश्नरों ने वार्डों में ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन करने जोन अधिकारियों को प्रशासनिक कार्य दायित्व दिया है। नगर निगम के तहत सभी जोनों के समस्त वार्डों में जोन अधिकारियों द्वारा मतदान केन्द्रोँ में ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। सभी मतदान केन्द्रों में बड़ी संख्या में मतदाताओं द्वारा ईव्हीएम मशीनों के सम्बन्ध में अपनी जिज्ञासाओं का शमन किया जा रहा है।जोन अधिकारियों द्वारा मतदाताओं को ईव्हीएम मशीन से मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत करवाया जा रहा है।



रविवार को जोन 4 द्वारा सदर बाजार की महाराणा प्रताप स्कूल मतदान केन्द्र, सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला नयापारा, आनंद समाज वाचनालय, नवीन सरस्वती कन्या शाला पुरानी बस्ती, सालेम स्कूल के सभी मतदान केन्द्रों, जोन 8 की टीम द्वारा कबीर नगर में वाम्बे वाल्मीकि अम्बेडकर आवास योजना आवासीय परिसर के मतदाताओं को, शंकर नगर वार्ड जोन 3 क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों, जोन 1,2, 3, 4, 5, 6, 7,8, 9,10 के वार्डों के मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन निगम के सम्बंधित जोन अधिकारियों द्वारा किया गया। अधिकारियों द्वारा सभी मतदान केन्द्रों में बड़ी संख्या में ईव्हीएम मशीनों से सम्बंधित नागरिक मतदाताओं की जिज्ञासाओं का शमन किया गया।मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम मशीनों के प्रदर्शन का मतदाता नागरिकों को ईव्हीएम मशीन से मतदान करने की प्रक्रियाओं से अवगत करवाने का सिलसिला नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 70 वार्डों के मतदान केन्द्रों में लगातार दूसरे दिन जारी रहा। यहां उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु मतदान की तिथि 11 फरवरी 2025 को सुबह 8 बजे से संध्या 5 बजे तक निर्धारित की गयी है, जबकि 15 फरवरी को मतगणना की जाएगी।

## नगरीय निकाय चुनाव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक पहुंचे राजधानी रायपुर

**रायपुर।** रायपुर जिले के नगरीय निकाय के लिए व्यय प्रेक्षक सुशील कुमार गजभिए पहुंच चुके है। गजभिए न्यू सर्किट हाउस के कमरे नंबर 305 रुके है। जिनसे मिलने का समय सुबह 11 से 12 बजे तक एवं उनका मोबाईल नंबर 9300735857 है उनसे व्यय संबंधी शिकायत के लिए संपर्क किया जा सकता है। इन्हें नगर पालिक निगम रायपुर, नगर पालिका आरंग, गोबरा नवापारा, तिल्दा, मंदिर हसौद, अभनपुर, नगर पंचायत कूरा, माना कैम्प, खरोरा, समोदा, चंदखुरी के लिए नियुक्त किया गया है।














# शॉर्ट ड्रेस पहन शमा सिकंदर ने शेयर किया बोल्ड लुक

## एक्ट्रेस की मदमस्त अदाएं देख फैंस के उड़े होश



**टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर अक्सर लाइमलाइट बटोरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखक फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।**

एक्ट्रेस शमा सिकंदर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनकी हॉटनेस और बोल्डनेस के चर्चे अक्सर सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ बेहद ही ग्लैमरस फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर एक बार फिर से फैंस के होश उड़ गए हैं।

एक्ट्रेस शमा सिकंदर की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने फ्लोरल प्रिंट लुक में शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देते हुए अपने आउटलुक को कंप्लीट कर रही हैं। कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये गॉर्जियस अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

शमा सिकंदर जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो लोग उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने लिखा है- सो हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट एंड गॉर्जियस। अन्य यूजर ने लिखा है- बेहद खूबसूरत हैं आप। ऐसे ही एक के बाद एक कॉमेंट आ रहे हैं।

# बचपन में सुनती थी पालकी में होके सवार, नए सीजन का हिस्सा बनना शानदार : तान्या

**अभिनेत्री तान्या मानिकतला मशहूर ट्रैक पालकी में होके सवार के नए सीजन में नजर आईं। तान्या ने बताया कि वह इस गाने को सुनते हुए बड़ी हुई हैं और नए सीजन का हिस्सा बनना उनके लिए शानदार रहा।**



प्रोजेक्ट के बारे में अपनी खुशी जाहिर करते हुए तान्या मानिकतला ने कहा, टिप्स टेक 2 का हिस्सा बनना एक शानदार मौका रहा है। मुझे याद है कि बचपन में मैं पालकी में होके सवार सुनती थी– यह एक ऐसा गाना था, जो हमेशा मेरे कानों में गूंजता था और यह मेरे बड़े होने पर भी हिस्सा बना। अब इसके नए सीजन का हिस्सा बनना अवास्तविक लगता है। अभिनेत्री ने कहा, नए सीजन में एक कमाल की क्वालिटी है और फिल्मांकन के दौरान मुझे इस गाने से जुड़ाव महसूस हुआ। मैं इस गाने और वीडियो की खूबसूरती और पुरानी यादों को सबके सामने लाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

तान्या इस ट्रैक में अभिनेता इश्वाक सिंह के साथ नजर आईं। दोनों इस गाने में नई एनर्जी के साथ नजर आए, जिसे शाहिद माल्या और असीस कौर ने गाया है। मूल ट्रैक 1993 की फिल्म 'खलनायक' से है और इसे संजय दत्त और माधुरी दीक्षित पर फिल्माया गया था। इस गाने को अलका याग्निक ने गाया और बोल आनंद बख्शी ने लिखे हैं।

'खलनायक' 1993 में रिलीज एक्शन-क्राइम फिल्म है, जिसके निर्देशक सुभाष घई हैं और फिल्म का निर्माण भी उन्होंने मुक्ता आर्ट्स लिमिटेड के तहत किया है। इस फिल्म में संजय दत्त, माधुरी दीक्षित और जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी सब-इंस्पेक्टर राम (जैकी श्रॉफ) और उसकी खास दोस्त गंगा (माधुरी दीक्षित) अपराधी बल्लू (संजय दत्त) पर केंद्रित है। तान्या को आखिरी बार हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म किल में नजर आई थीं।

# काजोल को लेकर मां तनुजा को था शक, तभी बना दिया था रूल, सालों बाद तनीषा ने किया खुलासा

**तनिषा मुखर्जी और काजोल का बहन-बहन का रिश्ता बहुत स्पेशल है, लेकिन उनके बीच हमेशा सब कुछ इतना सहज नहीं था। हाल ही में हॉटरफ्लाई को दिए इंटरव्यू में, तनिषा ने खुलासा किया कि उनकी मां तनुजा को डर था कि काजोल, तनिषा से उम्र और शरीर दोनों में बड़ी होने के वजह से उन्हें मार सकती थीं। इस डर को ध्यान में रखते हुए, तनुजा ने दोनों बहनों के लिए एक खास रूल बनाए हुए थे।**

तनिषा ने बताया कि उनकी मां ने दोनों बहनों के लिए एक नियम लागू किया था, जिसके अनुसार वे एक-दूसरे से फिजिकली नहीं लड़ सकती थीं। इसके बावजूद वे Verbal झगड़े करती थीं। तनिषा को लगता है कि ये नियम बहुत अच्छा था क्योंकि इसने उन्हें और काजोल को एक बेहतर और मजबूत बहन-बहन का रिश्ता बनाने में मदद की। ये सख्त रूल दोनों बहनों के रिश्ते को बिना किसी लड़ाई के स्ट्रांग बनाने में मदद करता था।

### पालन-पोषण में बहुतों का हाथ

तनिषा ने अपनी परवरिश के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि उनका पालन-पोषण उनकी परदादी ने किया था, जबकि उनकी मां काम पर जाती थीं। साथ ही, उनके चाचा और चाची के परिवार के सदस्य भी उनके साथ रहते थे। इस तरह से वे तीन बहनों के साथ पली-बढ़ी। इस तरह का पारिवारिक माहौल तनिषा के जीवन के लिए बहुत जरूरी और अच्छा रहा।



तनिषा ने 2000 के दशक की शुरुआत में बॉलीवुड में कदम रखा। हालांकि, उनका करियर बहुत ऊंचाइयों तक नहीं पहुंच पाया। उन्होंने 2005 में नील एन निक्की फिल्म में उदय चोपड़ा के साथ अभिनय किया। जो उनका बॉलीवुड में बड़ा अभिनय कदम था। इसके बाद, उन्होंने 'बिग बॉस 7' में भाग लिया, जहां वे पहली रनर-अप बनीं। उन्होंने 'झलक दिखला जा' जैसे डांस रियलिटी शो में भी भाग लिया।

### मराठी सिनेमा में नई शुरुआत

हालांकि तनिषा बॉलीवुड में खास पहचान नहीं बना पाईं, लेकिन अब वह मराठी सिनेमा में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वो फिल्म 'वीर मुरारबाजी' के साथ मराठी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं। यहां से देखा जा सकता है कि तनिषा ने अपनी बहन काजोल और अपनी मां के साथ बिताए हुए समय से बहुत कुछ सीखा और अब वो एक नई दिशा में कदम बढ़ा रही हैं।

# खुशी कपूर ने मिस्ट्री मैन के साथ शेयर की फोटो

## चकराया यूजर्स का दिमाग

बड़े परदे पर खुशी कपूर की पहली फिल्म आ रही है। बात 'लवयापा' की हो रही है, जिसमें खुशी की जोड़ी आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ जमेगी। उनकी भी बड़े परदे पर यह पहली फिल्म है। 'लवयापा' की चर्चा के बीच खुशी ने आज शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की है, जिसमें वे मिस्ट्री मैन के साथ नजर आ रही हैं।



खुशी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक फोटो शेयर की है। इसके साथ लिखा है, 'वह ग्रिड तक पहुंच गया, जल्द ही आपके दिलों तक पहुंचेगा'। खुशी ने एक ब्लैक एंड व्हाइट मिरर सेल्फी शेयर की है। इसमें वे मिस्ट्री मैन को गले लगाकर अपना मोबाइल देखते हुए मुस्कुरा रही हैं। इस फोटो को देखते ही यूजर्स उनसे मिस्ट्री मैन के बारे में पूछ रहे हैं।

### इब्राहिम अली खान या वेदांग रैना?

खुशी के फैंस उनसे पूछ रहे हैं कि साथ में कौन हैं? कुछ यूजर्स लिख रहे हैं, 'वेदांग रैना हैं या इब्राहिम अली खान'? वहीं, कुछ लिख रहे हैं कि क्या खुशी की लाइफ में प्यार की एंट्री हो गई है? यूजर्स इब्राहिम अली खान का नाम इसलिए ले रहे हैं, क्योंकि खुशी के साथ वह फिल्म 'नादानियां' कर रहे हैं। यह फिल्म करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही है। वहीं, वेदांग रैना के साथ खुशी कपूर डेटिंग की खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं।

### कब रिलीज होगी 'लवयापा'

खुशी और इब्राहिम की 'नादानियां' इसी साल नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसमें सुनील शेट्टी और दीया मिर्जा भी नजर आएंगे। बात करें फिल्म 'लवयापा' की तो यह फिल्म 07 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। अद्वैत चंदन के निर्देशन में बनी फिल्म में इसमें आशुतोष राणा, कीकू शारदा और कुंज आनंद जैसे सितारे भी हैं।




# सेहत के लिए अमृत से कम नही है संतरे का जूस

**इस समय के मौसम में मिक्स वातावरण देखने को मिलता है। दिन में धूप निकलने से गर्मी का अहसास होता है, जबकि सुबह-शाम और रात में ठंड का अहसास होता है। ऐसे में संतरे का जूस पीना कितना फायदेमंद हो सकता है और इसे कब पीना चाहिए। आइए जानते हैं इसके बारे में। इस बदलते मौसम में लोगों के मन में ये सवाल होता है कि किस फल का जूस पीना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है। लेकिन कितना और किस समय पी रहे हैं, यह बहुत जरूरी होता है। आप गन्ने का जूस पिएं या संतरे का या मौसंबी का सभी फायदेमंद होते हैं।**

### संतरे का जूस कब पिएं

सर्दी या गर्मी के मौसम में संतरे का जूस पीने



का सही समय दोपहर का होता है, लेकिन संतरे का जूस खाली पेट भूलकर भी ना पिएं। इससे एसिडिटी हो सकती है। संतरे का जूस पीने के फायदों की बात करें तो ये जूस पीने से आपकी स्किन और बाल चमकदार हो सकती है। यह आपकी आंखों की रोशनी को भी बढ़ाता, चेहरे के कील-मुंहासों को दूर करता, दाग-धब्बों को मिटाता और झुर्रियों से छुटकारा दिलाने में मदद करता है।

### इन समस्याओं में है कारगर

संतरे का जूस पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है। इसे पीने से सिर दर्द में आराम मिलता है और चक्कर आने जैसी समस्याएं दूर होती हैं। सर्दियों के मौसम में इम्यूनिटी को मजबूत रखता है यह जूस हाई कोलेस्ट्रोल को भी कम करता है। संतरे का जूस नियमित सेवन से सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार का खतरा कम हो सकता है।

# चेहरे पर चाहते हैं गुलाबी गाल तो आज से ही खाना शुरू कर दें कच्चे टमाटर

**क्या आप हमेशा सुंदर और जवान दिखना चाहते हैं? इसलिए आपको रोजाना 2 कच्चे टमाटर खाने की आदत डालनी चाहिए। दरअसल, रोजाना लाल पके कच्चे टमाटर खाने की आदत शरीर को कई तरह की समस्याओं से बचा सकती है। लाल कच्चे टमाटर के सेवन से शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है और फिर इसके एंटीऑक्सीडेंट त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं।**

### कच्चे टमाटर खाने के फायदे

### ■ गुलाबी गाल पा सकते हैं

गुलाबी गल पान में कच्चे टमाटर का सेवन करने से शरीर में खून बढ़ता है और त्वचा में निखार आता है। इसमें पोटैशियम, विटामिन ए, विटामिन बी और विटामिन सी होता है। लेकिन खास बात यह है कि इसका आयरन शरीर में खून को बढ़ाने में मददगार होता है, जिससे आपके शरीर के साथ-साथ आपके गालों पर भी वह गुलाबी रंगत नजर आएगी।

### ■ सनबर्न

सनबर्न को कम करने में टमाटर बहुत फायदेमंद होता है। यह त्वचा



को एक्सफोलिएट करता है और मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाता है। यह आपकी त्वचा के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। टमाटर में मौजूद एंजाइम त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करने में मदद करता है और चेहरे में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाता है और सनबर्न को कम करने में मदद करता है।

### ■ झुर्रियां कम करने में मददगार

कोलेजन उत्पादन को उत्तेजित करने में कच्चे टमाटर बहुत फायदेमंद होते हैं। टमाटर का विटामिन सी कोलेजन उत्पादन को प्रोत्साहित करने में मदद करता है। साथ ही त्वचा की लोच में सुधार करने में मदद कर सकता है। जिससे आपकी त्वचा में निखार आ सकता है।

### ■ त्वचा को मॉइस्चराइज करता है

रूखी त्वचा में खुजली, दरार और पपड़ी हो सकती है। विभिन्न लोशन और क्रीम रूखेपन का इलाज कर सकते हैं लेकिन समस्या को रोक नहीं सकते। हालांकि, टमाटर में मौजूद पोटेशियम एटोपिक डर्मेटाइटिस को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह चेहरे में हाइड्रेशन बढ़ाता है और त्वचा को अंदर से मॉइस्चराइज करने में मदद करता है।

# वोटिंग से पहले बिखर रहे 'झाड़ू' के तिनके : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरकेपुरम में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद, 5 फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) पर हमला बोला।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज कल हम देख रहे हैं कि कैसे दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं, आपदा के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि लोग आपदा से नफ़रत करते हैं। दिल्ली के लोगों के गुस्से से आपदा पार्टी इतनी घबरा गई है कि हर घंटे झूठी घोषणाएं कर रही है। दिल्ली की जनता के सामने आपदा वालों का नकाब उतर चुका है।

पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'दिल्ली की क्क-दा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी, दिल्लीवासियों की सेवा का मौका जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को समाप्त करने के लिए खप जाऊंगा। गरीब हो या मिडिल क्लास, हर परिवार का जीवन खुशहाल हो, ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। हमें ऐसी डबल इंजन सरकार बनानी है जो लड़ाई-झगड़े की बजाय, दिल्ली के लोगों की सेवा करे। जो बहाने बनाने की बजाय, दिल्ली को बनाने-सजाने में ऊर्जा लगाए।'

### गलती से भी यहां AAP-दा सरकार नहीं आनी चाहिए: पीएम मोदी

पीएम ने कहा, 'आपने आने वाले पांच साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है, अब गलती से भी यहां क्क-दा सरकार नहीं आनी चाहिए, जो दिल्ली के पांच और साल बर्बाद कर दे। मैंने विकसित भारत के निर्माण के लिए चार स्तंभों को मजबूत करने की गारंटी देश को दी थी। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति। कल जो बजट आया है, वो मोदी की ऐसी ही गारंटियों को पूरा करने की गारंटी है।'

### 'नेहरु जी के जमाने में 12 लाख पर 1 चौथाई कटौती'

पीएम मोदी ने कहा, 'कल बजट आने के बाद से पूरा मिडिल क्लास कह रहा है कि ये बजट, भारत के इतिहास में मिडिल क्लास के लिए सबसे फ्रेंडली बजट है। हमारी सरकार ने 12 लाख रुपए तक की आमदनी पर इनकम टैक्स पूरी तरह जीरो कर दिया है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों के हजारों रुपये बचेंगे। अगर नेहरू जी के जमाने में आप 12 लाख रुपये कमाते तो 12 लाख रुपये की आय पर आपकी एक चौथाई सैलरी सरकार वापस ले लेती। अगर आज इंदिरा जी का जमाना होता तो 12 लाख रुपये तक की आय पर आपके 10 लाख रुपये टैक्स में चले जाते। 10-12 साल पहले तक, कांग्रेस की सरकार में अगर आप 12 लाख रुपये कमाते तो आपको 2 लाख 60 हजार रुपया टैक्स देना होता। भाजपा सरकार के कल के बजट के बाद, साल में 12 लाख कमाने वाले को एक रुपया भी टैक्स नहीं देना पड़ेगा।'

# एनआईटी रायपुर में टेकफेस्ट आवर्तन का हुआ समापन, टीम केयर कैटलिस्ट बनी ओवरऑल विनर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के तकनीकी समिति 'टेक्नोक्रेसी' ने 2 फ़रवरी 2025 को वार्षिक टेक-फेस्ट 'आवर्तन 2025' का समापन किया। आवर्तन'25 ने तकनीकी कौशल, नवाचार और प्रतिस्पर्धा की अद्भुत झलक प्रस्तुत की। इस उत्सव का आयोजन डॉ. मनु वर्धन, प्रोफेसर इन-चार्ज, टेक्नोक्रेसी के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा और रचनात्मक दिमागों की तकनीकी क्षमता को बढ़ाना था।

दिनभर में उपस्थितों ने विज्ञान प्रदर्शनी, एस्केप द मेट्रिक्स, जेंगा, कॉर्नहोल, कोड स्प्रिंट रिले, एकोपोलिस, ड्रोन रेसिंग, मॉक सीआईडी, अगोन गेम्स, पिक्सल प्लेग्राउंड, रिवर्स कोडिंग, टेक्नोग्राफिक्स, और फुटबॉल ग्राउंड पर अत्यधिक प्रतीक्षित रोबो शो जैसे रोमांचक प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। इन आयोजनों ने छात्रों को अपनी तकनीकी क्षमता, रणनीतिक सोच और समस्या-समाधान कौशल को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया।

समापन समारोह में सीडीसी के प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी, एनआईटीआरआरएफआईई के फैकल्टी इन चार्ज डॉ. अनुज शुक्ला और टेक्नोक्रेसी के फैकल्टी इन चार्ज डॉ. मनु वर्धन ने भाग लिया। महिलाओं स्वास्थ्य के प्रमुख ब्रांड मातृ के सह-संस्थापक रोनी मोंडल ने 2018 से अपनी यात्रा साझा की, जिसमें आईआईटी पटना के सीड ग्रांट समर्थन, 10,000 यूनिट बेचने और ग्राहकों की प्रतिक्रिया के आधार पर अपने डिवाइस में सुधार पर उन्होंने प्रकाश डाला। उन्होंने इसके काम करने के तरीके, पल्स पैटर्न और दर्द कम करने के लाभों के बारे में बताया।

रोबो शो में चिट्टी नामक रोबोट दिखाया गया, जो इशारों के आधार पर मानवीय क्रियाओं की नकल करते हुए नृत्य और पुश-अप करता था। विज्ञान साइंस एक्जीबिशन के विजेता टीम केयर कैटालिस्ट थे, जबकि टीम स्ट्रेटासेफ ने उपविजेता स्थान हासिल किया। प्रत्येक शाखा के लिए विजेता और उपविजेता भी घोषित किए गए, और सभी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन समापन समारोह के साथ हुआ, जिसके साथ आवर्तन 2025 का बड़े उत्साह और उपलब्धि की भावना के साथ समापन हुआ।

# वार्डों में हो रहा ईवीएम डेमो प्रदर्शन

## 9 फरवरी तक चलेगा ईवीएम जागरूकता कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के तहत रायगढ़ नगर निगम सहित समस्त नगरीय निकायों में ईवीएम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जो आगामी 9 फ़रवरी 2025 तक चलेगा।



जिसमें प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक नागरिकों को ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की जानकारी दी जा रही है। ईवीएम जागरूकता अभियान के तहत रायगढ़ नगर निगम, नगर पालिका परिषद सहित सभी नगर पंचायतों के विभिन्न वार्डों में प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा ईवीएम डेमो का प्रदर्शन किया जा रहा है, ताकि जनसामान्य मतदान प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत हो सके। ईवीएम डेमो प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाना है। जिससे मतदाता निर्भीक और सटीक मतदान कर सकें।

**नगरीय निकाय में ईवीएम से होगा मतदान:** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत 11 फ़रवरी 2025 को मतदान होगा। मतदान का समय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिसके तहत समस्त नगरीय निकायों में ईवीएम से मतदान होगा। जिसमें पहले महापौर या अध्यक्ष पद के लिए सफेल लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा, इसकी पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी।

इसी तरह पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा। जिसकी पुष्टि के लिए बीप की लंबी आवाज आएगी, जिसका तात्पर्य होगा मतदान संपन्न हुआ।

## कार्यकर्ता सम्मलेन में विधायक भावना बोहरा हुई शामिल, कहा -

# इंदौरी नगर में विकास की गति डबल इंजन की रफ्तार से हो रहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** 11 फ़रवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार तेज हो चुके हैं। जगह-जगह चुनावी सभा हो रही है तो वहीं भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन के माध्यम से चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भर रहें हैं।

आज नगर पंचायत इंदौरी में भी भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया, जिसमें पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बाइक रैली के माध्यम से प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया वहीं सम्मलेन में संबोधित करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से भाजपा को विधानसभा और लोकसभा में ऐतिहासिक जीत मिली है। आज आप जैसे करोड़ों कार्यकर्ताओं के




सामर्थ्य,सहयोग,समर्पण से ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। आप सभी कार्यकर्ताओं ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य किया, जनता के घरों तक जाकर प्रचार किया, भाजपा की रीती नीति से जन-जन को अवगत कराया उसका सार्थक परिणाम हमें प्रदेश व केंद्र में दिखने को मिला। एक बार पुनः उसी उत्साह, जोश व जूनून के साथ मैं सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं से आग्रह करती हूँ कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के विकास पथ में हम सभी अग्रसर होकर जन-जन के घरों तक पहुंचे। प्रदेश के विकास के बाद अब हर गाँव और नगर के विकास की जिम्मेदारी आप सभी पर है। यहां भाजपा का हर कार्यकर्ता प्रत्याशी है और हमें उसी उद्देश्य के साथ नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा का कमल ध्वज लहराना है। उन्होंने आगे कहा कि आज इंदौरी नगर पंचायत के हर क्षेत्र में विकास तीव्र गति से हो रहा है। सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही अधोसंरचना विकास के कार्य भी तेजी से हो रहें हैं। विगत एक वर्ष में छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा 4 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण के कार्यों को स्वीकृति दी है।

महतारी वंदन योजना के माध्यम से आज निन्दौरी नगर की लगभग 2000 हजार महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रुपए की आर्थिक सहयता मिल रही है। लगभग 5300 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के जरिए 5 लाख तक निशुल्क उपचार मिल रहा है। नगर के 1600 से अधिक किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस मिला वहीं 3100 रुपए/क्विंटल की दर से रिकॉर्ड धान की खरीदी की गई। विधानसभा के 18000 से अधिक परिवारों के आवास का सपना पूरा हो रहा है। इन सभी कार्यों और योजनाओं से आज प्रदेश के हर व्यक्ति के जीवन में व्यापक सुधार आने के साथ ही आर्थिक रूप से उन्हें संबल मिल रहा है।

भावना बोहरा ने कहा कि आज डबल इंजन भाजपा सरकार में हमारा प्रदेश जिस प्रगति के पथ पर अग्रसर है उससे निश्चित ही हम विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के अपने संकल्प को सार्थक करने की दिशा में अग्रसर हैं। आगामी चुनाव में इन सभी विकास कार्यों के प्रति जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया है हमें पूर्ण विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी पंडरिया विधानसभा सहित प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करेगी और प्रदेश में विकास की यह गति तीन गुनी रफ़्तार से होगा। आइये हम सभी संकल्प करें केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं, ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं घोषणाओं की जानकारी उनसे साझा करें और भाजपा की जीत का शंखनाद करें।

# स्वच्छता महाअभियानः वार्डों में चलाई गई मेगा स्वच्छता ड्राईव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** स्वच्छता महाअभियान के सातवें दिन शनिवार को निगम के वार्ड क्र. 05 व 17 में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई, वृहद पैमाने पर साफ-सफाई के कार्य, कचरे का उठाव व परिवहन एक अभियान के रूप में किया गया तथा इन वार्डों के विभिन्न मोहलों व बस्तियों में भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। वहीं अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने अधिकारियों की टीम के साथ बस्तियों का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



निगम प्रशासक एवं कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में 25 जनवरी से नगर पालिक निगम कोरबा के वार्डो में निर्धारित कार्यक्रमानुसार स्वच्छता का महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शनिवार 01 फ़रवरी को नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 05 धनुवारपारा एवं वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा के विभिन्न मोहल्लों, सड़कों, आवासीय क्षेत्रों, गलियों आदि में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कराई गई, इस दौरान नालियों की सफाई, सड़कों की सफाई व सड़कों के किनारे की बर्म, झाड़ियों आदि की सफाई, धूल मिट्टी आदि की सफाई का कार्य करते हुए कचरे का उठाव व परिवहन के कार्य एक अभियान के रूप में किए गए।

इस दौरान निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने अधिकारियों की टीम के साथ बस्तियों का भ्रमण कर सफाई कार्यो का जायजा लिया तथा बस्तीवासियों से अपील की कि वे सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न डालें तथा शहर को साफ-सुथरा रखने में अपना सहयोग दें। इस अवसर पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, विनोद शांडिल्य, भूषण उरांव, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सचिन्द्र थवाईत, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, अभय मिंज, विनोद गोंड़, पीयूष राजपूत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

03 फ़रवरी को इन वार्डो में अभियान - सोमवार 03 फ़रवरी को नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 13 परिवहन नगर एवं वार्ड क्र. 36 पाड़ीमार क्रमांक 01 में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की जाएगी तथा व्यापक पैमाने पर साफ-सफाई के कार्य किए जाएंगे। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने वार्डवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे निगम के इस महाअभियान में अपनी सहभागिता दें तथा शहर को साफ-सुथरा रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# साहित्यकार डॉ. विनय पाठक को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** वरिष्ठ साहित्यकार, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष और थावे विद्या पीठ गोपालगंज(बिहार)के कुलपति डॉ.विनय कुमार पाठक को गेस्ट ऑफ ऑनर तथा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया. उन्हें नयी दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय के भव्य सभागार में आयोजित समारोह में इस सम्मान के रूप में शिकागो ओपन यूनिवर्सिटी (अमेरिका) के कुलपति डॉ पी. के. गुप्ता द्वारा शाल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र समर्पित किया गया । डॉ. पाठक बिलासपुर (छत्तीसगढ़ )के निवासी हैं. साहित्य और समाज सेवा की सुदीर्घ साधना के आधार पर डॉ. पाठक को यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान दिया गया है।

इस अवसर पर डॉ. पाठक ने अपने उदबोधन में इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि औपचारिक शिक्षा से पिछड़ जाते हैं,साहित्य, कला और संस्कृति के क्षेत्र में कार्यरत ऐसे व्यक्तियों को मानद डॉक्टरेट की उपाधि देना प्रकारांतर में प्रतिभा को ही सम्मानित करना है.

इसके बाद शिकागो यूनिवर्सिटी से आचार्य की उपाधि दिए जाने की योजना का भी शुभारंभ किया गया, जिसमें कुलपति के साथ डॉ.पी. के. सिन्हा, राष्ट्र सृजन अभियान के साथ डॉ.जे.बी.पांडेय और डॉ. विनय कुमार पाठक की सहभागिता उल्लेखनीय रही। उल्लेखनीय है कि डॉ.पाठक ने हिंदी और भाषाविज्ञान में वर्षो पहले पी-एच. डी. और डी. लिट् की दोहरी उपाधियाँ प्राप्त कर अकादमिक दृष्टि से कीर्तिमान स्थापित किया है. इनके निर्देशन में जहाँ 63 लोगों को पी-एच.डी. की उपाधि मिली है, वहीं एक दर्जन लोगों ने डॉ. पाठक के व्यक्तित्व और योगदान पर पी-एच, डी. और डी.लिट् की उपाधियाँ अर्जित की है। छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य और संस्कृति पर सर्वाधिक कार्य करके एवं करवाके डॉ.पाठक 'छत्तीसगढ़ के जीवंत विश्वकोश' के रूप में जाने जाते हैं।हिंदी में स्त्री,दलित एवम आदिवासी विमर्श के बाद आज वे विकलांग विमर्श के प्रवर्तक व किन्नर आलोचना के शिखर के रूप में प्रतिष्ठित हैं। उनकी अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# नाबालिग लड़की के साथ 6 माह की बच्ची को छोड़ भागी मां, 8 माह बाद पकड़ में आई महिला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में नाबालिग लड़की के साथ अपनी 6 माह की मासूम बच्ची को छोड़कर भागने वाली कलयुगी मां को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपिया महिला तमिलनाडू में छिपकर रह रही थी। पुलिस को जानकारी मिली तो एक टीम भेजकर उसे गिरफ्तार किया गया। लगभग 8 माह बाद आरोपिया पुलिस की गिरफ्त में आई। पुलिस ने पहले ही बच्चे व नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया था।



दरअसल यह पूरा जून 2024 का है। गांव की महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि 3 जून 24 को वह सुबह 7 बजे के लगभग गांव के ही एक घर में मजदूरी करने गई थी। दोपहर 11 बजे अपने घर आई तो उसकी 14 वर्षीय नाबालिक बेटी घर में नहीं मिली। अपनी छोटी बेटी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि दीदी को उसके पड़ोस में रहने वाली पुष्पा सुरेन साथ ले गई है। नाबालिग बेटी के साथ पुष्पा सोरेन की छः माह की बच्ची भी है, शाम तक प्रार्थिया की नाबालिक बेटी व पुष्पा सुरेन के घर नहीं लौटे। इसके बाद प्रार्थिया द्वारा आस पड़ोस के रिश्तेदारों में पता किया गया, कहीं पता नहीं चला। इसकी शिकायत के बाद पुलिस ने पुष्पा सुरेन के विरुद्ध 363 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू की।

विवेचना दौरान दिनांक 18 जुलाई 24 को जशपुर पुलिस को पता चला कि राउरकेला रेलवे स्टेशन में एक नाबालिक लड़की के साथ छः माह की छोटी बच्ची लावारिश हालत में रेलवे स्टेशन में हैं। रेलवे पुलिस द्वारा सुरक्षित अपने कब्जे में लिया। पूछताछ के जशपुर पुलिस से संपर्क किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश में जशपुर पुलिस द्वारा तत्काल राउरकेला जाकर नाबालिक बालिका व छः माह की बच्ची को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया था।

पूछताछ पर नाबालिक पीड़ित बालिका ने बताया कि पुष्पा सुरेन उसे बहला फुसलाकर, काम करने के बहाने रायगढ़ ले गई थी। वहां कुछ दिन घरेलू काम करने के बाद उसे बिलासपुर ले गई वहां भी कुछ दिन काम किए, फिर आरोपिया उसे लेकर राउरकेला आई। रेलवे स्टेशन में नाबालिक पीड़िता के हाथ में अपनी छः माह की बच्ची को देकर हमे छोड़कर ट्रेन से कहीं चली गई। जशपुर पुलिस द्वारा लगातार फरार आरोपिया की पतसाजी की जा रही थी इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की आरोपिया पुष्पा सुरेन तमिलनाडु में है।

इसके बाद एसपी शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश में एक पुलिस टीम गठित कर तमिलनाडु रवाना की गई, जहां ग्राम उथामानालूर थाना अचारपकम, जिला चेंगलपत (तमिलनाडु) से आरोपिया पुष्पा सुरेन को गिरफ्तार कर वापस लाया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपिया द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने व अपराध सबूत पाए जाने पर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। आरोपिया की गिरफ्तारी एवं जांच विवेचना में थाना प्रभारी आस्ता उप निरीक्षक संजय सिंह, सहायक उप निरीक्षक दीपक बड़ा, आरक्षक अनिल भगत, महिला आरक्षक अल्पना एक्का की सराहनीय भूमिका रही है। उक्त मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि दोनो नाबालिक बच्चियों को, राउरकेला पुलिस के सहयोग से पूर्व में ही बरामद कर लिया गया था। आरोपिया लगातार अपनी पोजीशन बदल रही थी, अंततः जशपुर पुलिस ने उसे तमिलनाडु से पकड़कर वापस जशपुर लाया।

## डीएमएफ और सीएसआर गबन मामले में एसबीआई के बैंक मैनेजर और अस्पताल की अकाउंटेंट गिरफ्तार




**दंतेवाड़ा।** जिला अस्पताल दंतेवाड़ा के डीएमएफ (जिला खनिज न्यास निधि) और सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) मद में 66.75 लाख रुपये के गबन के मामले में पुलिस ने भारतीय स्टेट बैंक दंतेवाड़ा के सीनियर मैनेजर निशांत ठाकुर और सिविल सर्जन कार्यालय की एकाउंटेंट असिस्टेंट सुतापा कुंडू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले इस मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी पहल ही हो चुकी है।

सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक दंतेवाड़ा की लिखित शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। शिकायत में बताया गया कि डीएमएफ-सीएसआर मद से 66,75,850 रुपये का भुगतान अनियमित तरीके से किया गया। इस पर थाना दंतेवाड़ा में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान इस मामले में पहले ही मुख्य आरोपी अभिजीत सिंह चौहान के साथ अर्पणा चौहान, सौरभ सुद और मोहमद तौसिफ रजा के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी थी। लेकिन अब जांच में भारतीय स्टेट बैंक दंतेवाड़ा के सीनियर मैनेजर निशांत ठाकुर और सिविल सर्जन कार्यालय की एकाउंटेंट असिस्टेंट सुतापा कुंडू की संलिप्तता भी सामने आने के बाद उन्हें भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर लेन-देन की बारीकी से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में और भी दोषियों की संलिप्तता सामने आती है, तो उन पर भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खास खबर

### धार्मिक उन्माद फैलाने वाला इमरान खान गिरफ्तार



**रायपुर।** धार्मिक उन्माद फैलाने के मामले में कोंडागांव पुलिस ने राजधानी के मौदहापारा से आरोपी इमरान खान को गिरफ्तार किया जो यहां छिपकर रहा रहा था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इमरान ई रिक्शा चलाने के साथ फ्लेक्स प्रिंटिंग का काम करता । वह अपने फेसबुक अकाउंट पर सनातन धर्म पर अश्लील पोस्ट करता था, इसे लेकर कोंडागांव कोतवाली में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने आईटी एक्ट समेत कई बीएनएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराया था। आरोपी 2 साल से अपने फेसबुक अकाउंट पर धार्मिक उन्माद फैलाने के मैसेज पोस्ट कर रहा था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कोण्डागांव पुलिस ने मौदहापारा पुलिस को बिना बताए ठिकाने पर दबिश दिया और उसे गिरफ्तार कर लिया और उसके मोबाइल फोन को जप्त किया जिसमें उनके अन्य साथियों के बारे में पता चला है और जल्द ही उनकी पहचान कर गिरफ्तार करने की बात पुलिस ने कही है।

### कोरबा के शातिर चोर को रायपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार, 1.50 लाख का सामान बरामद

**रायपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह के दिशा-निर्देश व अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक (शहर) लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक केसरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मौदहापारा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कोरबा जिले के शातिर चोर ओमप्रकाश मानिकपुरी को गिरफ्तार कर करीब 1.50 लाख रुपये का चोरी का सामान बरामद किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक यामन देवांगन हमराह स्टाफ के साथ पेट्रोलिंग पर थे, तभी एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूमता दिखा। संदेह के आधार पर उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम ओमप्रकाश मानिकपुरी (निवासी थाना बाकी मोगरा, जिला कोरबा) बताया। उसने पुलिस को बताया कि वह कुसमुंडा थाना क्षेत्र (कोरबा) में चोरी कर रायपुर चोरी का सामान बेचने आया था। आरोपी की तलाशी लेने पर पुलिस ने भारी मात्रा में सोने और चांदी के आभूषण, नकदी व इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किया, जिसकी कुल कीमत करीब 1.50 लाख रुपये आंकी गई है। बरामद सामानों में 1 नेकलेस, 1 जोड़ी झुमके, 1 जोड़ी बाली, 1 आर्टिफिशियल अंगूठी, 1 मांग टीका, 1 लॉकेट माला (8 मोती सहित), 7 पायल, 1 सिंदूर डिब्बा, 2 दीये, 2 जोड़ी बिछिया, 2 चम्मच, 2 कटोरी, 5 जोड़ी चूड़ी (बच्चों के), 2 चाबी गुच्छा, 1 सिक्का सहित 1 Oppo मोबाइल, 1 ईयरफोन, 1 स्मार्ट वॉच शामिल है। बरामद सामान को गवाहों की मौजूदगी में जब्त कर न्यायालय में पेश किया गया है। वहीं, इस मामले की सूचना थाना कुसमुंडा (कोरबा) को भी दे दी गई है। पुलिस आरोपी से आगे की पूछताछ कर रही है ताकि अन्य मामलों का भी खुलासा हो सके।

### ट्रक ने युवक को कुचला मौत




**बलौदाबाजार।** जिले के ग्राम रिसदा में ट्रक ने सायकल सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने इस जगह पर बाईपास बनाने की मांग की। उनका कहना है कि, इस रास्ते पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण अक्सर हादसे हो रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, रिसदा के मुख्य मार्ग में रविवार देर रात सड़क पार करने के दौरान ट्रक ने एक युवक को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि, इस इलाके में सीमेंट संयंत्र होने के कारण भारी वाहनों की आवाजाही होती है, जिससे हादसे होते रहते हैं। ऐसे में आक्रोशित ग्रामीणों ने यहां पर बाईपास बनाने की मांग की है।

# चुनाव ड्यूटी में लापरवाही : 6 शिक्षक निलंबित, तीन प्रधान पाठक व दो शिक्षकों को नोटिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत दौरान निर्वाचन कार्यों में लापरवाही पर बेमेतरा में बड़ी कार्रवाई की गई है। यहां पर 6 शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया। वहीं दो स्कूलों के प्रधान पाठकों व दो अन्य शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

बेमेतरा जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत मतदान दलों के 2 फरवरी 2025 को आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थिति और निर्वाचन कार्यों में उदासीनता बरतने के कारण कलेक्टर रणबीर शर्मा ने छह शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित शिक्षकों में विकास कुमार वर्मा (सहायक शिक्षक, स्वामी आत्मानंद स्कूल, ठेलका), निर्मल ठाकुर (व्याख्याता, हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरतरा), कमलेश कुमार वर्मा (हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरतरा), नागेश्वर चौहान (सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला, केशतरा), मनोज कश्यप (शिक्षक एलबी, शासकीय माध्यमिक शाला, घिवरी) और चैन सिंह ठाकुर (शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला, कोंगियाकला) शामिल हैं। निलंबन अवधि के दौरान इन सभी शिक्षकों का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बेमेतरा निर्धारित किया गया है।

इसी प्रकार निर्वाचन कार्यों में लापरवाही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने तीन प्रधान पाठकों व दो शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिन प्रधान पाठकों को नोटिस जारी किया गया है सुनील राजपूत (प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला मौहाभाटा), नवीन दास गोस्वामी (हेड मास्टर, शासकीय प्राथमिक शाला नवागांवखुर्द) और होरिलाल घृतलहरे (हेड मास्टर, शासकीय प्राथमिक शाला मुढ़िया) शामिल हैं। इन सभी शिक्षकों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं प्राप्त होता है, तो इनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

इसी प्रकार निर्वाचन ड्यूटी करने में असमर्थता व्यक्त करने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। शिक्षक एलबी गेंदराम डेहरे ग्राम जोगीपुर एवं चन्द्रिका प्रसाद शिक्षक एलबी ग्राम खैरझिटी द्वारा निर्वाचन ड्यूटी करने में असमर्थता व्यक्त की गई। इस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने उन्हें निर्देशित किया है कि 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो उनके खिलाफ एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी तरीके से निविदा में भाग लेने का मामला, दिनेश इंजीनियरिंग पर एफआईआर का निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बीएसएनएल द्वारा जारी की गयी निविदा में भाग लेने के लिए फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर मेसर्स दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड के विरूद्ध चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सिविल लाईन थाने में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।




चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार मेसर्स दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में जांच करने पर यह संज्ञान में आया कि ऐसा अनुभव प्रमाण पत्र चिप्स द्वारा मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड को कभी जारी ही नहीं किया गया था। चिप्स ने पत्राचार के माध्यम से मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड से यह जानने का हर संभव प्रयास किया कि यह अनुभव प्रमाण पत्र उन्हें (मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड) कैसे और किसकी मदद से प्राप्त हुई परन्तु मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड ने अब तक अपेक्षित जानकारी नहीं दी है।

उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए इस घटना की पूर्णतः निष्पक्ष और व्यापक जाँच हेतु सीईओ चिप्स ने 2 फरवरी 2025 मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड के विरुद्ध सिविल लाइन्स थाने में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु पत्र प्रेषित किया है। गौरतलब है कि बीएसएनएल द्वारा जारी की गयी निविदा में भाग लेने हेतु मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड ने चिप्स के भारतनेट फेज-2 परियोजना के अनुभव प्रमाण पत्र निविदा दस्तावेज में इस्तेमाल किया है।

# पति को अपने माता-पिता से अलग करने की जिद क्रूरता, हाईकोर्ट ने दी तलाक को मंजूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** हाई कोर्ट ने कहा है कि भारत में हिंदू बेटे के लिए पत्नी के कहने पर शादी करने के बाद माता-पिता से अलग होना कोई सामान्य प्रथा या संस्कृति नहीं है। माता-पिता द्वारा पालन-पोषण और शिक्षित किए गए बेटे का नैतिक और कानूनी दायित्व है कि उनके बूढ़े होने पर देखभाल और भरण-पोषण करें। शादी के बाद पत्नी से पति के परिवार का हिस्सा बनने की उम्मीद की जाती है। बिना किसी उचित कारण के उसे पति को परिवार से अलग होने के लिए नहीं कहना चाहिए। जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की डिवीजन बेंच ने फैमिली कोर्ट के फैसले को निरस्त करते हुए तलाक की मंजूरी दी है। बेमेतरा में रहने वाले युवक की शादी 10 जून 2017 को छुईखदान में रहने वाली युवती के साथ हुई थी।



शादी के बाद पत्नी करीब ढाई महीने अपने ससुराल में रहने के बाद कोचिंग जॉइन करने बिलासपुर जाने पर जोर देने लगी। जबकि शादी से पहले दोनों पक्षों में इस बात पर सहमति बनी थी कि वह गृहिणी के तौर पर ससुराल में रहते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाएगी। सितंबर 2017 में वह पति या ससुराल वालों को बताए बिना कोचिंग जॉइन करने बिलासपुर चली गई। काफी समझाने के बाद इस शर्त पर राजी हुई कि पति को रायपुर में उसके साथ अलग रहना होगा। व्यवहार में सुधार की उम्मीद के साथ पति इस पर सहमत हो गया और उसे वापस गांव ले गया। करीब 20-25 दिनों के बाद उसने रायपुर में एक कोचिंग क्लास जॉइन किया। पति रायपुर के एक अस्पताल में डॉक्टर के पद पर कार्यरत था। पति- पत्नी गांव से 13-14 किमी तक एक साथ आते-जाते थे। 20 अगस्त 2018 को उसने पति को कॉल कर बताया कि वह आज रायपुर में ही रुक रही है। पति ने पूछा कि वह कहां और किसके साथ रहेगी? इसका उसने जवाब नहीं दिया और अपना मोबाइल बंद कर दिया। पति ने इसकी जानकारी अपनी सास को दी तो उसने धमकी दी कि उस पर कोई प्रतिबंध लगाया तो झूठे आपराधिक मामले में फंसाकर जेल भिजवा देगी। इस व्यवहार से तंग आकर पति और उसके परिजनों ने 11 सितंबर 2018 को थाने में शिकायत की। थाने में काउंसिलिंग के दौरान पत्नी नहीं पहुंची और पति और उसके परिजनों के खिलाफ रायपुर में शिकायत दर्ज करवा दी।

वीडियो फैमिली कोर्ट में वैवाहिक संबंधों की बहाली के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। यहां पत्नी ने रायपुर में साथ रहने पर सहमति देते हुए समझौता किया। 22 अप्रैल 2019 से 5 मई 2019 तक दोनों एक कॉलोनी में किराये के मकान में रहे। पत्नी का व्यवहार इस दौरान पति के साथ ठीक नहीं था। 5 मई 2019 को वह मकान का दरवाजा बंद कर चली गई। पति का कॉल भी रिसीव नहीं किया। इसके बाद पति ने कोर्ट में तलाक की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया।

इधर, महिला ने सभी आरोपों से इनकार किया। कोर्ट ने भी पति के आवेदन को निरस्त कर दिया। इसके खिलाफ उसने हाई कोर्ट में अपील की थी। हाई कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को निरस्त कर दिया है। फैसले में कहा है कि बगैर किसी उचित कारण के पति को अपने माता-पिता से अलग रहने के कहना उसके प्रति क्रूरता के समान है। स्पष्ट है कि वह ससुराल में रहने के लिए तैयार नहीं है। वर्ष 2019 से अलग रह रही है। उसने ससुराल लौटने का भी कोई प्रयास नहीं किया। हाई कोर्ट ने पति को महिला को स्थायी गुजारा भत्ता के रूप में दो माह के भीतर पांच लाख रुपए देने के आदेश दिए हैं।

## बेरोजगारों से ठगी, गोकुल विहार रायपुर से दंपति गिरफ्तार



**बिलासपुर।** वन विभाग और एफसीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले पति-पत्नी को चकरभाठा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। अमसेना के रुद्र कुमार कौशिक (23), ने 27 अगस्त 2023 को थाना चकरभाठा में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने वर्ष 2018 में वन विभाग में फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 2 लाख 50 हजार और उसके परिचित हरीश कुमार वर्मा से एफसीआई में सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लाख 50 हजार रुपये ठग लिए थे।

पुलिस ने मामले में धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर 29 दिसंबर 2023 को एक आरोपी, डॉ. चंद्र प्रकाश प्रधान, को गिरफ्तार कर चालान पेश कर दिया था। शेष आरोपी तब से फरार थे। पुलिस ने आरोपियों ललित केसरवानी (44) और उसकी पत्नी रजनी केसरवानी (44), दोनों निवासी गोकुल विहार, रायपुर, को उनके किराए के मकान से गिरफ्तार कर लिया। दोनों को 2 फरवरी 2025 को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले का तीसरा आरोपी अभिरूप मंडल अभी भी फरार है, जिसकी तलाश अभी जारी है।

Urgent Requirements
**Profile:** Senior Accountant.Job
**Types:** Full-time, Permanent,
**Experience:** 5-8 years. Pay: 20,000.00 - 40,000.00 per month
**Working Time:-** 10.00am To 7.00Pm
**Qualification:** Bachelor's in Accounting/Finance (CA/CPA/MBA preferred).
Cont. No. 6232 926 014












# 2047 तक 55 ट्रिलियन डॉलर की इकोनामी बनेगा भारत:ओपी चौधरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रविवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान केंद्र सरकार के 2025-26 के बजट प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और 2047 तक 55 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि इंडिया एट 100 पुस्तक में स्वतंत्र भारत के 100 वर्ष पूरे होने तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य स्पष्ट रूप से वर्णित है। उन्होंने कहा कि जब मोदी ने सत्ता संभाली थी, तब भारत की अर्थव्यवस्था 2.3 ट्रिलियन डॉलर थी, और अब यह 55 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचने की राह पर है।



### विकसित भारत की नींव: 3-डी मॉडल

चौधरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट में '3-डी' - डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी और डिमांड को आर्थिक विकास का आधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत की जनसंख्या को अब एक समस्या नहीं, बल्कि संपदा के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय युवाओं की औसत आयु 29 वर्ष है और 65त्न आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, जिससे भारत को वैश्विक स्तर पर ह्यूमन रिसोर्स कैपिटल के रूप में पहचान मिल रही है।

### गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को प्राथमिकता

मंत्री चौधरी ने कहा कि जब भारत विकसित राष्ट्र बनेगा, तब समाज के हर वर्ग का समावेश सुनिश्चित करना होगा। इसलिए, प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को प्राथमिकता दी है। छत्तीसगढ़ सरकार के पिछले बजट में भी इसी सिद्धांत को अपनाया गया था।

### मध्यम वर्ग के लिए कर राहत

मध्यम वर्ग की भूमिका को रेखांकित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि यह वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि 2014 में आयकर छूट की सीमा 2.5 लाख रुपये थी, जो अब बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दी गई है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे करदाताओं को 1 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

### कृषि और उद्योग क्षेत्र को मजबूती

कृषि क्षेत्र में केसीसी पर क्रेडिट की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है, जो ब्याज मुक्त होगा। प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के तहत आकांक्षी जिलों में कृषि विकास को गति देने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही, स्टार्टअप्स और एमएसएमई को समर्थन देने के लिए ऋण सीमा को 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दिया गया है। निर्यातकों को भी वित्तीय सहायता दी जाएगी।

### पर्यटन और सेवा क्षेत्र को बढ़ावा

चौधरी ने कहा कि सेवा क्षेत्र में रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हैं। केंद्र सरकार के बजट में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए बड़े प्रावधान किए गए हैं, जिससे छत्तीसगढ़ के पर्यटन को भी लाभ मिलेगा।

### रोजगार और टेक्सटाइल क्षेत्र में सुधार

टेक्सटाइल सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए मिशन कॉटन प्रोडक्टिविटी लॉन्च किया गया है। इसके अलावा, गीग वर्कर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़े युवाओं के लिए सुरक्षा योजनाएं लागू की जाएंगी। बजट में 36 जीवनरक्षक दवाओं को करमुक्त किया गया है। मेडिकल टूरिज्म को भी बढ़ावा देने की योजना बनाई गई है। चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार ने पूंजीगत व्यय को 11 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया है। अर्बन चैलेंज फंड और स्पेशल कैपिटल असिस्टेंस स्कीम जैसी योजनाएं आर्थिक स्थिरता को मजबूती देंगी। ओपी चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट विकसित भारत की नींव रखने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट भारत को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पत्रकार वार्ता में भाजपा मंत्री विकास महतो, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, अमित साहू, सोशल मीडिया संयोजक सोमेश पांडे और जिला मीडिया सह प्रभारी वंदना राठौर उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री साय की सुशासन वाली सरकार में भाजपा की जीत सुनिश्चित-नितिन नबीन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी और बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन ने आगामी नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण संभाग स्तरीय बैठक में पार्टी की तैयारी की समीक्षा की और आगामी कार्य योजना को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय, भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ,भाजपा दुर्ग संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, दुर्ग जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, विधायक गजेंद्र यादव, ईश्वर साहू सहित संभाग के सभी जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, निवर्तमान जिला अध्यक्ष, जिला संयोजक, नगरीय निकायों के समन्वयक, चुनाव प्रभारी, चुनाव संचालक उपस्थित रहे। बैठक में दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, खैरागढ़-छूईखदान-गंडई, मानपुर मोहला के वरिष्ठ उपस्थित रहे।

प्रदेश संगठन प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव साय के सुशासन वाली सरकार ने मोदी की गारंटियों को सबसे पहले पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दिखाई है। आम जनमानस ने छत्तीसगढ़ को डेढ़ साल में बहुत तेजी से बदलते देखा है, खासतौर से प्रधानमंत्री आवास योजना जिसे कांग्रेस की पूर्व सरकार ने रोक दिया था सबसे पहले फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद सरकार ने अपने कार्य प्रारंभ की थी छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जो माहौल है वह भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाने की ओर अग्रसर है।

पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार की योजनाओं एवं कार्य को जनता के बीच ले जा रहे हैं जिससे नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित है।

नितिन नबीन ने जिलेवार संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जीत की सुनिश्चितता को लेकर कोई कोर कसर हमें नहीं छोड़नी है। अगर कहीं पर समन्वय की कमी आ रही है तो वरिष्ठ नेतागण समन्वय बनाकर पार्टी की जीत तय करें और सबको पार्टी के काम मे लगाएं।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजनांदगांव महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव, प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल, विक्रांत सिंह, दीपेश साहू, उषा टावरी, लाभचंद बाफना, कोमल जंघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, नम्रता सिंह, जितेंद्र वर्मा, महेश वर्मा, प्रदीप गांधी गौरी शंकर श्रीवास, कांतिलाल बोथरा सहित निर्धारित अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बसंत पंचमी पर्व पर मुख्यमंत्री श्री साय मां शारदा धाम पहुंचे

# सरस्वती मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विद्यादायनी माता सरस्वती की उपासना के पावन पर्व बसंत पंचमी पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज जशपुर जिले के दुलदुला तहसील के ग्राम पंचायत जामटोली अंतर्गत ग्राम डेवाडेलंगी में मां शारदा धाम पहुंचे। उन्होंने इस धाम परिसर में स्थित मां सरस्वती मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर शारदा धाम में आए समस्त श्रद्धालुगण को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां सरस्वती की कृपा हमेशा हम सब पर बनी रहे। आपके कंठ में सदा मां सरस्वती विराजमान रहें। उन्होंने कहा कि वेदों में कहा गया है कि मानव योनि में जन्म लेना सौभाग्य की बात है।



84 लाख योनियों में भटकने के बाद हमें मानव जीवन मिलता है। हमारे कर्म ऐसे रहने चाहिए कि जब हम इस दुनिया से जाएं तो लोग हमें याद रखें। इस धाम में शिक्षा के लिए अलख जगाने के साथ ही खेलों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय मां शारदा के पावन धाम में आयोजित अखण्ड श्रीहरि कीर्तन राम नाम जाप के आयोजन में भी शामिल हुए, जिसमें आसपास के 48 गांवों के श्रद्धालु और 12 कीर्तन मंडलियां शामिल हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल के निकट गिरमा नदी बहती है, जिसके एक ओर छत्तीसगढ़ है तो दूसरी ओर झारखंड है। इस धाम के बगल में बह रही पावन गिरमा नदी दो प्रदेशों की संस्कृति को समाहित कर अविरल धारा के साथ बह रही है।

# आजादी के बाद पहली बार चुनचुना गांव को मिला साफ पानी, हर घर में 24 घंटे पानी की आपूर्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में आज़ादी के बाद पहली बार चुनचुना गांव को साफ पानी मिलने पर गांव के निवासी ने कहा कि पहले हमें दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था। यहां नक्सलियों का प्रभाव भी था। सड़कें न होने की वजह से बोर नहीं खोदे जा सके। अब सड़कें बन गई हैं और हर घर में 24 घंटे पानी की आपूर्ति हो रही है। गांव के एक अन्य निवासी ने कहा कि पानी दूर-दूर से लाना पड़ता था। अब सरकार ने पानी उपलब्ध करा दिया है, तो हमें काफी राहत मिली है।



कुसमी विकासखंड के चुनचुना गांव को आजादी के बाद पहली बार जल जीवन मिशन योजना के तहत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हुआ है। चुनचुना गांव, जो कभी नक्सल प्रभावित गांव था, बलरामपुर जिले में छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा पर स्थित है और इसकी आबादी करीब 100 घरों की है। छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा पर स्थित बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड के चुनचुना गांव में आजादी के 70 साल बाद पहली बार ग्रामीणों को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हुआ है। नक्सल प्रभावित रहे इस गांव में ग्रामीणों को पहले पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही थी। जल जीवन मिशन योजना के तहत यहां हर घर में नल कनेक्शन दिया गया, जिससे अब ग्रामीणों को पानी की समस्या से राहत मिल गई है।

जानकारी के मुताबिक जिले के कुसमी विकासखंड का चुनचुना गांव छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा पर बसा हुआ है और यहाँ करीब 105 घरों की आबादी निवास करती है जो कभी नक्सलियों की दहशत में अपना जीवन जी रहे थे। सरहदी इलाका होने के कारण यहाँ नक्सलियों का खौफ हुआ करता था जिसके कारण गांव तक सरकार की कोई भी योजना खासतौर पर कारगर नही थी। लेकिन अब समय मे बदलाव आया है और उस क्षेत्र में तीन अलग-अलग जगहों पर फोर्स का कैम्प स्थापित किया गया है जिससे अब नक्सली बैकफुट पर है और गांव तक विकास के कई रास्ते भी खुलने शुरू हो गए हैं।

### पहले पानी के लिए करना पड़ता था संघर्ष

गांव के करीब 100 घरों से अधिक की आबादी के लिए पहले पानी जुटाना किसी चुनौती से कम नहीं था। ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था, जिससे उन्हें भारी परेशानी होती थी। लेकिन अब जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर में नल लगने से इस समस्या का समाधान हो गया है। पीएचई विभाग के जिला अधिकारी पंकज जैन ने बताया कि चुनचुना गांव में जल संकट को दूर कर दिया गया है। अलावा, जिले के अन्य ग्रामीण इलाकों में भी जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से जल पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। आने वाले समय में बलरामपुर के सभी ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ पेयजल से जोड़ा जाएगा।

### ग्रामीणों में खुशी, सरकार का जताया आभार

नल से जल मिलने के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर है। उन्होंने सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुविधा उनके जीवन को आसान बना रही है। अब उन्हें पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और साफपानी उनके घरों में ही उपलब्ध हो रहा है ।

### नक्सल प्रभावी क्षेत्र में विकास की नई रोशनी

चुनचुना गांव कभी नक्सलियों के खौफमें जीता था। सीमावर्ती इलाका होने के कारण यहां सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा था। लेकिन अब प्रशासन की सक्रियता और सुरक्षा बलों की तैनाती के चलते गांव में विकास के नए द्वार खुल रहे हैं। तीन अलग-अलग जगहों पर सुरक्षाबलों के कैंप स्थापित किए जाने से नक्सली गतिविधियां कम हुई हैं, जिससे अब सरकार की योजनाएं प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं।

# कलेक्टर ने किया त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान दलों के प्रथम चरण प्रशिक्षण का निरीक्षण


श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के मतदान दलों के अधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दिया दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगांइ ने त्रिस्तरीय पंचायत के मतदान दलों के प्रथम चरण के प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने निरीक्षण करते हुए सभी कक्षों में दिये जा रहे मतदान दलों के अधिकारियों का प्रशिक्षण का जायजा लेते हुए उपस्थित मतदान दलों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाईं ने इस कार्यशाला का निरीक्षण किया और मतदान दलों को चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से बिना किसी त्रुटि के संपन्न कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कमलेश सिंह, जी.एस. ठाकुर एवं अन्य मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया गया। प्रथम पाली सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। दूसरी पाली दोपहर 1 से 4 बजे तक चली, जिसमें 330 पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी शामिल हुए। जनपद पंचायत नारायणपुर में मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण प्रशिक्षण 8 फरवरी को एवं तृतीय चरण प्रशिक्षण 13 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में जनपद पंचायत ओरछा अधिकारियों को प्रशिक्षित दिया गया।

# 3 हजार फीट ऊंची पहाड़ी में बच्चों ने दिखाए करतब

श्रीकंचनपथ न्यूज

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ की प्रतिभाओं ने नया कीर्तिमान रच दिया है। यहां के मलखंब एकेडमी के बच्चों ने ढोलकल गणेश की प्रतिमा के पास हैरतअंगेज मलखंब का प्रदर्शन किया। टीम के होनहारों ने तीन हजार फीट ऊंची बैलाडिला की पहाड़ी में प्रदर्शन कर साबित कर दिया की कोई भी काम कठिन नहीं है। वहीं गणेश भगवान की मूर्ति के पास किया गया स्टंट सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। सभी बच्चे नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के पहुंचविहीन गांव के है।



वहीं बीते महीने सीएम विष्णु देव साय ने अबुझमाड़ मलखम्ब अकादमी नारायणपुर अकादमी के खिलाड़ी बच्चों से भेंट की थी। सीएम श्री साय ने बच्चों से मुलाकात कर उनकी सराहना की और कहा था कि, यह नन्हें कदमों की एक ऊंची उड़ान है। सीएम साय ने आगे कहा कि, मलखम्ब जैसे कठिन विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का नाम देश-दुनिया में रोशन किया है।

### इंडिया गॉट टैलेंट में लिया था भाग

सीएम साय को बच्चों ने बताया था कि, अक्टूबर 2023 में आयोजित इंडिया गॉट टैलेंट' सीजन में देश के लगभग 200 टीमों को पछाड़कर उनकी टीम विजय प्राप्त कर चुकी है। आगामी समय में अमेरिकाज गॉट टैलेंट, बिट्रेन गॉट टैलेंट, जर्मन गॉट टैलेंट एवं कनाडियन गॉट टैलेंट आदि प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में भी भाग लेने की तैयारी कर रही है। इसकी तैयारी नियमित तौर पर की जा रही है और हमें पूरी उम्मीद है कि, इन प्रतियोगिताओं में भी वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

### पूरे देश में भी हुई मलखंभ की सराहना

इंडिया गॉट टैलेंट' के विजेता खिलाड़ी बच्चों ने बताया कि, इंडिया गॉट टैलेंट' में देश के कला जगत के प्रतिष्ठित लोगों के सामने अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का सुनहरा अवसर मिला। साथ ही मलखम्ब जैसे कठिन विधा के बारे में जाना और हमारी टीम की लगातार हौसला अफ्जाई करने के साथ ही खूब सराहना भी की गई है।

### नारायणपुर के हाई स्कूल में 2017 से संचालित है मलखंभ

आपको बता दें कि, अबूझमाड़ मलखम्ब अकादमी नारायणपुर के हाई स्कूल खेल मैदान में 2017 से स्थापित एवं संचालित है। इसमें नारायणपुर जिले के सुदूर वन क्षेत्रों के (अधिकांश अबुझमाड़) के गरीब आदिवासी बच्चे मलखम्ब खेल का प्रशिक्षण लेते हैं। वर्तमान अवधि में यहाँ प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थी नारायणपुर के विभिन्न स्कूल/आश्रमों में अध्ययनरत है, जो पार्ट-टाईम अकादमी आकर मलखम्ब खेल का प्रशिक्षण लेकर प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अद्यतन स्थिति में कुल 412 मेडल प्राप्त कर न केवल जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950